सत्यमेव जयते

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
भारत सरकार

23वां वार्षिक रिपोर्ट

2018-19

विषय – वस्तु

सचिव की कलम से	05
टीडीबी का अधिदेश	06
टीडीबी द्वारा वित्त पोषित क्षेत्र	06
बोर्ड के सदस्य	08
टीडीबी–वर्ष विहंगम दृष्टि में	09
विहंगावलोकन	17
हस्ताक्षरित–करार	29
जारी किए गए उत्पाद/पूरी की गई परियोजनाएं	37
प्रोत्साहक क्रियाकलाप	43
प्रशासन	57
वर्ष 2018–19 के लिए लेखापरीक्षित वार्षिक विवरण	59
वर्ष 2018–19 की पृथक सी एंड एजी लेखा परीक्षा रिपोर्ट	87

सचिव की कलम से

वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय विकास किसी देश की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। महत्वाकांक्षी राष्ट्र को इन क्षेत्रों में अग्रता हासिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए। अतः यह आवश्यक है कि हम देश में वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय पहलों को अधिकतम महत्व दें। मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड ने जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का विशिष्ट प्रौद्योगिकी वाणिज्यिक निकाय है, विगत दो दशकों से हमारे देश के नवप्रवर्तकों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुझे टीडीबी की वर्ष 2018–19 की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह वर्ष 2018–19 टीडीबी के लिए बहुत सफल रहा है क्योंकि टीडीबी ने विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ उनके स्वदेशी रूप से विकसित उत्पाद के वाणिज्यीकरण के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए 07 करारों पर हस्ताक्षर किए। समग्र रूप में, इस वर्ष के दौरान, टीडीबी ने कुल 47 परियोजना प्रस्ताव प्राप्त किए जिनमें से 45 प्रस्तावों को अनुवर्ती प्रक्रिया के लिए लघु सूचीबद्ध किया गया। अंत में, 175.59 करोड़ रु. की परियोजना लागत में से टीडीबी की 45.76 करोड़ रु. की प्रतिबद्धता के साथ 07 करार सफलतापूर्वक संपन्न किए गए ।

इस वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धि हमेशा बढ़ते हुए साइबर खतरों से निबटने की दृष्टि से नवप्रवर्तक एवं प्रौद्योगिकीय रूप से उन्नत उत्पादों के निर्माण के लिए 03 ऋण करार करके साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में टीडीबी की भागीदारी थी। इस वर्ष के दौरान टीडीबी सहायित अन्य परियोजनाओं में जीवन रक्षक औषधियां, सौर तापीय पैनल और कृषिप्रक्रमण/उत्पाद/यंत्र सम्मिलित थे।

इस वर्ष के दौरान, टीडीबी ने मौजूदा एवं नई परियोजनाओं और अन्य योजनाओं के लिए 168.12 करोड़ रु. संवितरित किए। इसमें ऋण के रूप में 163.73 करोड़ रु. अनुदान के रूप में 0.11 करोड़ रु., निवेश हेतु वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ) के लिए 4.28 करोड़ रु. शामिल थे। पूर्व में स्वीकृत परियोजनाओं में से 05 परियोजनाओं को पूर्ण एवं वाणिज्यीकृत घोषित किया गया जबकि 07 कंपनियों ने पुनर्अदायगी पूरा करके अपने ऋण खातों का निबटान किया। विधिक दल के आक्रामक स्पेरित दृष्टिकोण की वजह से, टीडीबी कई विवादित मामलों का समाधान कर पाया है जिससे पुनर्वापसी में वृद्धि हुई है। इस वर्ष के दौरान बोर्ड की तीन बार बैठकें हुई जिससे टीडीबी परियोजना प्रक्रमण की दृष्टि से अपना संव्यवहार बढ़ाने में समर्थ हो पाया एवं इससे निर्णय प्रक्रिया में तेजी आई ।

टीडीबी ने भी कई कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों में भाग लिया और अभिगम्यता विषयक कार्यशालाएं आयोजित की, जिससे देश भर में प्रौद्योगिकी सुविधा प्रदाता के रूप में टीडीबी की भूमिका को प्रोत्साहित करने में मदद मिलीं। टीडीबी ने उभरती प्रौद्योगिकियों की खोज करने और नवप्रवर्तन, अंतरण एवं वाणिज्यीकरण के लिए पारितंत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएचडी वाणिज्य एवं उद्योग संघ, एसोचैम और बीआईआरएसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इनवेंट एवं जीआईटीए जैसे मौजूदा कार्यक्रमों ने अपनी निर्धारित भूमिका के निर्वहन में भी सार्थक योगदान किया है।

कुल मिलाकर, वर्ष 2018–19 टीडीबी के लिए प्रभावशाली वर्ष रहा है।

(डॉ. नीरज शर्मा)

टीडीबी के अधिदेश

- स्वदेशी प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक अनुप्रयोग का प्रयत्न करने वाले अथवा वृहत घरेलू अनुप्रयोगों के लिए आयातित प्रौद्योगिकी का अनुशीलन करने वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों अथवा अन्य एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना;
- जैसा केन्द्र सरकार मान्यता प्रदान करे, स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित करने अथवा वृहत अनुप्रयोग के लिए आयातित प्रौद्योगिकी के अनुशीलन में संलग्न ऐसी अनुसंधान एवं विकास संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना;
- केन्द्र सरकार द्वारा इन्हें सौंपे जाने वाले ऐसे अन्य कार्यों को निष्पादित करना।

टीडीबी द्वारा वित्त पोषित क्षेत्र

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा	दूरसंचार	अभियांत्रिकी
रसायन	सूचना प्रौद्योगिकी	सुरक्षा एवं नागरिक विमानन
सड़क परिवहन	ऊर्जा एवं अपशिष्ट उपयोग	इलेक्ट्रॉनिक्स
कृषि	वस्त्र	अन्य

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड का गठन

(31 मार्च, 2019 को)

1.	**प्रो. आशुतोष शर्मा** सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग	पदेन अध्यक्ष
2.	**डॉ. शेखर सी. मांडे** सचिव, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग	पदेन सदस्य
3.	**डॉ. जी. सतीश रेड्डी** सचिव, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग	पदेन सदस्य
4.	**श्री अजय नारायण झा** सचिव, व्यय विभाग	पदेन सदस्य
5.	**श्री रमेश अभिषेक** सचिव, औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन विभाग	पदेन सदस्य
6.	**श्री अमरजीत सिन्हा** सचिव, ग्रामीण विकास विभाग	पदेन सदस्य
7.	**प्रो. देशदीप सहदेव** परामर्शदाता क्वाजर टेक्नोलोजीस प्राइवेट, लिमिटेड, नई दिल्ली	सदस्य
8.	**सुश्री बीनीशा पी.** कार्यकारी निदेशक, अंतराष्ट्रीय अपशिष्ट प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर	सदस्य
9.	**श्री साबू एम. जेकब** प्रबंध निदेशक कीटेक्स गारमेंटस लिमिटेड	सदस्य
10.	**श्री प्रदीप गोयल** अध्यक्ष, प्रदीप मेटल्स लिमिटेड, नवी मुम्बई	सदस्य
11.	**डॉ. नीरज शर्मा** सचिव, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड	पदेन सदस्य (सदस्य सचिव)

बोर्ड के सदस्य

(31 मार्च, 2019)

प्रो. आशुतोष शर्मा

डॉ. शेखर सी. मांडे

डॉ. जी. सतीश रेड्डी

श्री अजय नारायण झा

श्री रमेश अभिषेक

श्री अमरजीत सिन्हा

प्रो. देशदीप सहदेव

सुश्री बीनीशा पी.

श्री साबू एम. जेकब

श्री प्रदीप गोयल

डॉ. नीरज शर्मा

टीडीबी–वर्ष
विहंगम दृष्टि में

वर्ष 2018–19 में प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड ने विभिन्न औद्योगिक संगठनों के साथ वित्तीय सहायता के लिए 7 करारों का निष्पादन किया। इन करारों के माध्यम से टीडीबी ने सूचना प्रौद्योगिकी कृषि, अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों को समाहित करते हुए 175.59 करोड़ रू. की कुल परियोजना लागत में से 45.76 करोड़ रुपये खर्च किए।

वर्ष 2018–19 में प्राप्त आवेदन

वर्ष 2018–19 के दौरान टीडीबी को विभिन्न औद्योगिक संस्थानों से रू. 1612.56 करोड़ की कुल परियोजना लागत और टीडीबी की रू. 665.36 करोड़ की वित्तीय सहायता के लिए कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से लगभग 45 प्रस्तावों को वित्तीय सहायता के लिए अग्रिम कार्रवाई हेतु उपयुक्त पाया गया। जहां, 04 प्रस्ताव करार हस्ताक्षर तक पहुचें, वही अन्य प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं।

47 आवेदनों का राज्यवार वितरण निम्न प्रकार है:



(रु. करोड़ में)

क्रम संख्या	राज्य / संघ शासित प्रदेश	आवेदनों की संख्या	अनुमानित कुल लागत	टीडीबी से मांगी गई सहायता
1	कर्नाटक	10	201.12	67.59
2	नई दिल्ली	6	47.54	19.56
3	आंध्र प्रदेश / तेलंगाना	8	493.93	170.41
4	हरियाणा	2	89.63	44.81
5	महाराष्ट्र	8	274.16	112.12
6	गुजरात	1	405.50	202.75
7	तमिलनाडु	2	10.62	4.98
8	उत्तर प्रदेश	6	82.34	40.14
9	उड़ीसा	1	6.50	2.50
10	मणिपुर	1	1.22	0.50
	कुल	**47**	**1612.56**	**665.36**

प्राप्त आवेदनों का क्षेत्र-वार वितरण नीचे दिया गया है:

(रु. करोड़ में)

क्रम संख्या	क्षेत्र	आवेदनों की संख्या	अनुमानित कुल लागत	टीडीबी से मांगी गई सहायता
1	स्वास्थ्य एवं चिकित्सा	10	792.19	275.81
2	इंजीनियरिंग	5	46.64	17.80
3	सूचना प्रौद्योगिकी	15	109.26	45.67
4	रसायन	3	440.14	220.00
5	कृषि	8	36.51	17.48
6	ऊर्जा एवं अपशिष्ट निपटान	3	67.14	29.21
7	रक्षा और नागरिक उड्डयन	3	120.68	59.39
	कुल	**47**	**1612.56**	**665.36**

प्राइवेट लिमिटेड एवं पब्लिक लिमिटेड कंपनियों इत्यादि से प्राप्त आवेदनों का विवरण निम्न प्रकार है:

(रु. करोड़ में)

श्रेणी	आवेदनों की संख्या	कुल अनुमानित लागत	टीडीबी से मांगी गई सहायता
प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियाँ	44	1203.46	461.19
पब्लिक लिमिटेड कम्पनियाँ	1	405.50	202.75
अन्य	2	3.60	1.42
कुल	**47**	**1612.56**	**665.36**

वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान हस्ताक्षरित करार

वर्ष के दौरान, टीडीबी ने नवोन्मेशी प्रौद्योगिकियों के विकास और वाणिज्यीकरण हेतु निम्नलिखित परियोजनाओं को सहायता प्रदान करने के लिए 7 नये करारों पर हस्ताक्षर किए:

i. मेसर्स एपीजेन बायोटेक प्रा.लि., मुम्बई द्वारा "एपीजेन फेज–1 फंडिंग"।

ii. मेसर्स श्योर वेव्स मीडियाटेक प्रा. लि., बैंगलौर द्वारा "स्काईनेट प्रोग्रामेटिक टीवी प्लेटफार्म का विकास और वाणिज्यीकरण"।

iii. मेसर्स सिक्योरलीं शेयर सॉफ्टवेयर प्रा. लि., बैंगलौर द्वारा "सिक्योरलीं शेयर फाइल सिक्योरिटी और वोल्ट का विकास और वाणिज्यीकरण"।

iv. मेसर्स एकेएस इंफोमेशन टेक्नालॉजी सर्विसेज प्रा.लि., नोएडा द्वारा "हाल्टडोस स्वदेशी डी.डोस प्रोटेक्शन साल्यूशन"।

v. मेसर्स परफेक्ट इंफ्राइंजीनियर्स लिमिटेड, मुम्बई द्वारा हाइब्रिड थर्मल सिस्टम का विकास एवं वाणिज्यीकरण

vi. मेसर्स बायोजेन फर्टिलाइजर्स इंडिया प्रा. लि., सलेम (तमिलनाडु) द्वारा जैव एन पी के(द्रव) के साथ जैविक खाद के एन्कैप्सुलेटेड मल्टी न्यूट्रिएंट गैन्यूलेशन/पैलेटाइजेशन, बायोकंट्रोल माइक्रोब्स, ह्यूमिक, पैम, एंजाइम्स इम्यूनोमोड्यूलेटर और (जस्ता, बोरोन, मोलिब्डेनम, मैंगनीज और लोहे) का वाणिज्यिक उत्पादन।

vii. मेसर्स सिकल इनोवेशन्स प्रा. लि., अहमदाबाद द्वारा फलों और सब्जियों की ग्रेडिंग और सोर्टिंग मशीन।

वितरण

वर्ष 2018–19 के दौरान, मौजूदा एवं नई परियोजनाओं और अन्य योजनाओं के लिए रु.168.12 करोड़ की राशि का वितरण किया गया। इस राशि में ऋण के रुप में रु.163.73 करोड़, अनुदान के रूप में रु.0.11 करोड़ और वीसीएफ में निवेश के लिए रु.4.28 करोड़ शामिल हैं।

पूर्ण की गई परियोजनाएं

टीडीबी द्वारा सहायता प्राप्त निम्नलिखित कंपनियों ने वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान अपनी परियोजनाओं को पूर्ण घोषित किया।

1 **मेसर्स इमको अलायास प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई,** – सिनटर्ड कार्बाइड मिश्र धातु प्रौद्योगिकी का विकास एवं वाणिज्यीकरण

2 **मेसर्स सिस्टेमेन्टिक्स इंडिया प्रा. लि., बैंगलौर,** औद्योगिक रोबोटों का डिजायन, विकास और विनिर्माण

3 **मेसर्स टर्मिनस सर्किट प्रा. लि., बैंगलोर,** हाई स्पीड सीरियल लिंक उत्पादों का वाणिज्यीकरण

4 **मेसर्स रेनलिक्स हेल्थ सिस्टम प्रा. लि., बैंगलौर,** ग्रामीण सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए एक किफायती कनेक्टेड हेमोडायलिसिस मशीन का विकास

5 **मेसर्स डायबिटोमिक्स मेडिकल प्रा. लि., हैदराबाद,** मधुमेह की जाँच के लिए नए उन्नत प्वाइंट आफ केयर नैदानिक परीक्षणों का निर्माण और वाणिज्यीकरण

ऋण का भुगतान

इस वर्ष, टीडीबी से सहायता प्राप्त निम्नलिखित कम्पनियों ने अपने ऋण का भुगतान किया और करार के अनुसार अपनी ऋण लेखाओं का निपटान किया:

- मेसर्स एक्सलट्री साफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड, पुणे
- मेसर्स सोनिक बायोकेम एक्स्ट्रेक्शंस लि., इंदौर
- मेसर्स बायोवेट प्रा. लि., कर्नाटक
- मेसर्स श्रीराम कोकोनट प्रोडक्ट्स लि., कोयम्बटूर
- मेसर्स ट्राइडाइगोनल साल्यूशंस प्रा. लि., पुणे
- मेसर्स ग्लैड केमिकल्स प्रा. लि., हैदराबाद
- मेसर्स माइमो वायरलैस टेक्नोलॉजी प्रा. लि., बैंगलोर

प्रौद्योगिकी दिवस

प्रौद्योगिकी दिवस 2018 का आयोजन 11 मई, 2018 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में "स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यीकरण: बेंचसाइड से व्यवसायिक कार्यक्रम तक की यात्रा" के विषयवस्तु के साथ किया गया। भारत के माननीय राष्ट्रपति, श्री रामनाथ कोविंद ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई और डॉ. हर्षवर्धन, माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने समारोह की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर, स्वदेशी प्रौद्योगिकी के सफल वाणिज्यीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया:

1. मेसर्स अगप्पे डायग्नोस्टिक्स लि., एर्नाकुलम, केरल को मिस्पा–आई 3, एक स्वचालित कार्टरिज आधारित विशिष्ट प्रोटीन विश्लेषक जैसे फोटोमेट्री और नेफेलमेट्री प्रौद्योगिकियों के संयोजन और नमूना और जाँच की आवश्यकता पर आधारित "यूनिक चैनल शिफ्टिंग" को देश में विकास और वाणिज्यीकरण के लिए सम्मानित किया गया।
2. मेसर्स भारत बायोटेक इंटरनेशनल लि., तेलंगाना, हैदराबाद को रोटोबैक, जो बच्चों के लिए रोटावायरस वैक्सीन (लाइव अटेन्युएटेड, ओरल) है, भारत में लाइसेंस प्राप्त है और डब्ल्यू एच ओ द्वारा पहले से प्रभावित है, के देश में विकास और वाणिज्यीकरण के लिए।

प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद के सफल वाणिज्यीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार (एमएसएमई) प्रदान किया गया:

1. मेसर्स सिक्रोमैक्स बायोटेक प्रा. लि., चेन्नई को सिंक्रोस्काफ उतक इंजीनियरी के लिए एक बोविन स्केफोल्ड, के लिए।
2. मेसर्स ए.एन.टी.एस. सिरामिकस प्रा. लि., बसई पूर्व, महाराष्ट्र को हाई एंड जिरकोनिया सिरेमिक उत्पाद एवं कार्बन सल्वर एनालिसिस क्रूसिबल के वाणिज्यकरण के लिए।
3. मेसर्स 3 बी ब्लैकबायो बायोटेक इंडिया लिमिटेड, भोपाल को, टी आर यू पी सी आर: टू स्टेप रियल टाइम एबीएल–1 परिमाणात्मक किट के सफल वाणिज्यीकरण के लिए।
4. मेसर्स एनविजन साइंटिफिक लिमिटेड, सूरत को एल्युमिनस डी ई एस: मधुमेह रोगी के लिए ड्रग एल्यूटिंग स्टेंट के लिए।
5. मेसर्स डिव हाई वैक्यूम कंपनी प्रा. लि., बैंगलौर को, एल्युमिना सब्सट्रेट पर 3 परतीय धातुकरण के लिए।

इसके अलावा, प्रौद्योगिकी स्टार्ट–अप के लिए को राष्ट्रीय पुरस्कार भी दिया गया:

1. मेसर्स एस्ट्रोम टेक्नालॉजीज प्रा. लि., एस आई डी. आई आई एस सी, बैंगलौर को, गीगामेश वायरलेस कम्यूनिकेशन टेक्नालॉजी साल्यूशन के लिए।
2. मेसर्स सिका ओको साल्यूशन प्रा. लि. के आई.आई.टी. टी.बी.आई, भुवनेश्वर को, दो, दवा देने वाली डिवाइस–सिप्लाटिन एवं सिग्नों के विकास के लिए।
3. मेसर्स एक्सीलेंस इन बायो इनावेशन और टेक्नालॉजी (एक्स बिटस) प्रा. लि., जोधपुर को राइटबायोटिक: सबसे तेज एंटीबायोटिक खोजकर्ता के लिए।

उत्पाद लोकार्पण: डॉ. हर्षवर्धन, माननीय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने मेसर्स एम्पेयर व्हीकल्स प्राईवेट लिमिटेड, कोयंबटूर द्वारा विकसित "लिथियम–आयन बैटरी के लिए चार्जर" का प्रौद्योगिकी दिवस–2018 के दौरान लोकार्पण किया।

वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ) में भागीदारी

टीडीबी ने 11 वीसीएफ में रु.285.00 करोड़ का निवेश किया तथा इनमें से आठ वीसीएफ में निवेश से आय का होना शुरु हो चुका है। टीडीबी ने प्रौद्योगिकीय रूप से नवोन्मेशी संभावना वाले उद्यमों को सहायता प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी केन्द्रित वीसीएफ के साथ नेटवर्किंग करना जारी रखा। वीसी प्रबंधकों, कुल निधि और टीडीबी की भागीदारी का विवरण नीचे दिया गया है:

(रु. करोड़ में)

क्र. सं.	निधि का नाम	निवेश प्रबंधक	कुल निधि	टीडीबी की भागीदारी	प्रतिदान की दिशा में वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान प्राप्तियां
1.	बायोटेक्नोलॉजी वेंचर फंड	एपीआईडीसी वेंचर कैपिटल लिमिटेड, हैदराबाद	100.00	30.00	6.52
2.	यूटीआई–इंडिया यूनिट वेंचर स्कीम (आईटीवीयूएस)	यूटीआई वेंचर फंड्स मैनेजमेंट फंड कंपनी प्रा. लि., बैंगलोर	103.00	25.00	–
3.	यूटीआई–एसेट इंडिया फंड–II	यूटीआई वेंचर फंड्स मैनेजमेंट फंड कंपनी प्रा. लि., बैंगलोर	300.00	75.00	–
4.	वेंचर ईस्ट टिनेट फंड–II	वेंचर ईस्ट फंड एडवाइजर्स (इंडिया) प्रा. लिमिटेड, चेन्नई	60.00	15.00	6.96
5.	एसएमई टेक्नोलॉजी वेंचर फंड	गुजरात वेंचर फाइनेंस लिमिटेड (जीवीएफएल), अहमदाबाद	250.00	15.00	–
6.	एसएमई टेक फंड आरवीसीएफ–II	राजस्थान एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्रा. लिमिटेड, राजस्थान	150.00	15.00	1.47
7.	इंडियन फंड फॉर सस्टेनेबल इनर्जी	सीआईआईई– आईआईएम, अहमदाबाद	75.00	10.00	3.22
8.	इंडिया अपर्च्युनिटी फंड	सिडबी वेंचर कैपिटल लिमिटेड, मुंबई	1000.00	25.00	1.38
9.	सीफ इंडिया एग्रीबिजनेस फंड	सीफ इंडिया इनवेस्टमेंट एडवाइजर्स प्रा. लि., मुंबई	125.00	25.00	0.58
10.	मल्टी सेक्टर सीड कैपिटल फंड	ब्लूम वेंचर एडवाइजर्स प्रा. लि., मुंबई	100.00	25.00	9.60
11.	आईपीकैप वेंचर्स ट्रस्ट–फंड 1	आईपीकैप वेंचर्स एडवाइजर्स प्रा. लि., मुंबई	200.00	25.00	1.42

इन्क्यूबेटर्स में नव–सृजित उद्योगों के लिए बीज सहायता योजना

इस योजना के अन्तर्गत, टीडीबी ने 35 टीबीआईएस और एसटीईपीएस (जिनमें 4 टीबीआई/एसटीईपीएस भी शामिल है जिन्हें दो बार वित्तीय सहायता दी गयी) प्रत्येक को रु.1.00 करोड़ की सहायता के साथ कुल रु.35.00 करोड़ की वित्तीय सहायता दी। इन इन्क्यूबेटर्स ने दूरसंचार, आईटी, रोबोटिक्स, कृषि, इन्स्ट्रूमेंटेशन, इंजीनियरी, पर्यावरण, फार्मा, खाद्य, सौर, वस्त्र और जैव प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों की योजनाओं के लिए इन्क्यूबेटी कंपनियों को सहायता प्रदान की। योजना ने अच्छी प्रगति की है और विभिन्न क्षेत्रों में बहुत से उद्यमियों को उनके उन्नयन और उससे संबंधित कार्यों में मदद की। इसने इन्क्यूबेटरों द्वारा इन्क्यूबेशन निधि के एक कोष का निर्माण करने में भी सुविधा प्रदान की। मार्च, 2016 में आयोजित बोर्ड की 53वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया कि चूंकि डीएसटी का एनएसटीईडीबी बड़े पैमाने पर बीज सहायता योजना को आगे बढ़ा रहा है अतः टीडीबी को इस योजना को बंद कर देना चाहिए। हालांकि, टीडीबी द्वारा पहले से वित्तपोषित टीबीआईएस/एसटीईपीएस अपने इन्क्यूबेशन कोष के माध्यम से नये इन्क्यूबेर्टस में निवेश जारी रख सकते हैं।

पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ समझौता ज्ञापन

कृषि व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य देखभाल और फार्मास्यूटिकल्स, इलैक्ट्रिक मोबिलिटी, जल और अपशिष्ट से ऊर्जा, आटोमोबाइल आदि जैसे राष्ट्रीय महत्व के उभरते हुए प्रौद्योगिकियों/प्रौद्योगिकी क्षेत्रों को स्काउट करने और उनके ड्राइविंग कारकों की पहचान करने के लिए टीडीबी ने 25 अप्रैल, 2018 को पीएचडी चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

एसोचैम के साथ समझौता ज्ञापन

राष्ट्रीय महत्व की उभरती हुई प्रौद्योगिकियों/प्रौद्योगिकी क्षेत्रों जैसे फार्मास्युटिकल्स, मेडिकल डिवाइसेस एंड डायग्नोस्टिक्स, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, रक्षा और एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और ऑटोमोबाइल्स, और इनके ड्राइविंग कारकों की पहचान करने के लिए टीडीबी ने 3 मई 2018 को एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

बीआईआरएसी के साथ समझौता ज्ञापन

"स्वेदशी रुप से विकसित प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण" के लिए विभिन्न उद्योग समर्थक संगठनों के बीच तालमेल लाने के लिए, टीडीबी ने सहज तरीके से जैवचिकित्सा/जैव प्रौद्योगिकीय नवोन्मेश के अंतरण और वाणिज्यीकरण के लिए एक वैश्विक और राष्ट्रीय परिस्थितिकी तंत्र बनाने और उसे बढ़ावा देने के लिए जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) के साथ 7 सितंबर 2018 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

टाईफेक के साथ समझौता ज्ञापन

टीडीबी ने फरवरी, 2018 को अभिनव प्रौद्योगिकियों को, स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण को और उन्हें वाणिज्यिक बनाने वाली कंपनियों में निवेश को स्काउट करने के उद्देश्य से "परिवर्तनीय प्रौद्योगिकीय नवोन्मेश" पर सहयोग के लिए प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (टाईफैक) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

आईसीसीओ के साथ समझौता ज्ञापन

टीडीबी ने अभिनव कृषि प्रौद्योगिकियों को स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण करने और उन कंपनियों में निवेश करने जो किसानों की आमदनी को दोगुना करने की क्षमता प्रदर्शित करेंगे, को स्काउट करने के उद्देश्य से "परिवर्तनकारी कृषि प्रौद्योगिकी व्यापार समाधान" पर सहयोग के लिए इनोवेटिव चेंज कोलेबोटिव (आईसीसीओ) के साथ मार्च, 2018 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–भारत के साथ जलवायु समाधानकर्ता भागीदार के लिए समझौता ज्ञापन

जलवायु समाधनकर्ता डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के नवोन्मेशी, कम कार्बन प्रौद्योगिकी के विकास एवं व्यापक उपयोग को मबजूती देने वाली वैश्विक पहल का एक हिस्सा है। जलवायु समाधनकर्ता का उद्देश्य उनकी क्षमता का प्रदर्शन, उनकी पहुंच का विस्तार और नवोन्मेश के समग्र मूल के साथ जलवायु परिवर्तन के लिए तत्काल और व्यवहारिक समाधान के रुप में जागरुकता उत्पन्न करना है। टीडीबी 21 मई 2012 को जलवायु समाधनकर्ता मंच में शामिल हुआ। वर्ष 2016 में समझौते की वैधता 21 मई 2019 तक बढ़ा दी गई थी।

इंवेंट कार्यक्रम

द इनोवेटिव वेंचर एंड टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट (इंवेंट) कार्यक्रम का लक्ष्य विशेष रुप से 8 निम्न आय वाले राज्यों में 160 उद्यमियों को इनक्यूबेट और निवेश करने और अक्टूबर 2019 तक उनमें से 50 को निवेश योग्य बनाना है। इंवेंट को प्रौद्योगिकीय और व्यावसायिक प्रक्रिया उन्मुख, दोनों, जिनका निम्न आय वर्ग के लोगों पर सकारात्मक सामाजिक नवोन्मेशी समाधानों को सहायता प्रदान करने लिए एक मंच प्रदान करने के लिए बनाया गया है।

वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान कार्यक्रम में काफी प्रगति देखी गयी। कार्यक्रम के लिए तय किए गए लक्ष्य के अनुसार इवेंट 160 स्टार्टअप के अपने लक्ष्य के मुकाबले 125 स्टार्टअप्स का इनक्यूबेशन कर चुका है। 125 स्टार्टअप में से, 41 कृषि एवं सहायक क्षेत्रों से, 21 हेल्थटैक से, 19 एडयूटैक से, 31 आजीविका एवं कौशल विकास से और बाकी अन्य उप–क्षेत्रों से संबंध रखते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि इवेंट पोर्टफोलियो के 28 स्टार्टअप्स ने पहले ही लगभग रु. 640 मिलियन का फंडिंग हासिल कर लिया है। दोबारा फंडिंग भागीदारों में ओमनीवोर, टाटा ट्रस्ट, इन्फोएज, ग्रे–मैटर्स कैपिटल, यस बैंक, एचडीएफसी, एसबीआई और एंजल इन्वेस्टर्स जैसे सरकारी और गैर–सरकारी, दोनों प्रकार के निकाय शामिल है।

सामाजिक उद्यमशीलता परिस्थितिक तंत्र को मजबूत करने और विपणन के लिए, 8 एलआईएस में से अब तक कुल 6 त्वरक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं

(i) आईआईटी कानपुर सामाजिक उद्यम त्वरक कार्यक्रम (एसईएपी) कृषि–व्यवसाय, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है, और 5 कंपनियों को इवेंट के तहत निवेश के लिए चुना गया है।

(ii) स्टार्ट–अप ओएसिस का सेंटर फॉर क्रिएटिव लीडरशिप (सीसीएल) आजीविका और शिल्प पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है 6 कंपनियों को इंवेंट के तहत निवेश के लिए चुना गया।

(iii) स्टार्ट–अप ओएसिस का सामाजिक त्वरक, कृषि, शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है और 3 कंपनियों को इवेंट के तहत निवेश के लिए चुना गया।

(iv) स्टार्ट–अप ओएसिस द्वारा ग्रामीण ऊर्जा, ग्रीन ऊर्जा पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है और 1 कंपनी को इवेंट के तहत निवेश के लिए चुना गया।

(v) आईआईएमसीआईपी द्वारा स्वास्थ्य प्रौद्यो पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है और 5 कंपनियों को इवेंट के तहत निवेश के लिए चुना गया।

(vi) केआईआईटी–टीबीआई का कृषि–उन्नयन, कृषि व्यवसाय स्टार्ट–अप पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है और 5 कंपनियों को इवेंट कार्यक्रम के तहत चुना गया।

ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी अलायंस (जीआईटीए)

2011 में शुरुआत के बाद से, जीआईटीए ने एक लंबा सफर तय किया है और भारतीय और वैश्विक बाजारों में व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य उत्पादों और सेवाओं को वितरित करने के लिए भारतीय और वैश्विक उद्योग और अकादमिक भागीदारों के साथ अनुसंधान एवं विकास, प्रौद्योगिकी विकास ओर प्रदर्शन में उद्योग निवेश को प्रोत्साहित करने में सफल रहा है। इतने वर्षों में, जीआईटीए भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की साझेदारी के तहत विभिन्न राष्ट्रीय और द्विपक्षीय औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी अधिग्रहण परियोजनाओं का सफलतापूर्वक प्रबंधन कर रहा है। 2018–19 ने जीआईटीए के लिए कई पहलें देखीं। द्विपक्षीय औद्योगिक आर एंड डी कॉल को रिकॉर्ड संख्या में लॉन्च किया गया था – 5ए, रिकॉर्ड संख्या में परियोजनाओं को सम्मानित किया गया–11, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पूर्ण समापन के संदर्भ में परियोजनाओं की रिकॉर्ड संख्या–5 और अन्य 12 उनके तकनीकी विकास के चरणों के पूरा होने के संदर्भ में लाक्षणिक समापन रेखा तक पहुंची है। इस वर्ष जीआईटीए ने एक नई पहल – जीआईटीए इनोवेशन एक्सचेंज (जीआईएक्ससी) के साथ भारतीय नवोन्मेश पारिस्थितिकी तंत्र के साथ अपने जुड़ाव को व्यापक और औपचारिक बनाया। जीआईएक्ससी एक अनूठा, प्रभावी मंच है जो नवोन्मेश स्पेक्ट्रम के एक्टर्स के लिए प्रौद्योगिकीय साझेदारी, प्रौद्योगिकियों आई पी सेवाओं और नवोन्मेश हेतु वित्त के लिए विश्वसनीय संपर्क बनाने का प्रयास करता है।

मिलेनियम अलायंस (एमए)

मिलेनियम अलायंस (एमए) एक सामाजिक उद्यम है जो संयुक्त राज्य अमरीका और फिक्की के साथ निकट सहयोग में बनाया गया है ताकि प्रमुख वित्तीय क्षेत्रों में वैश्विक विकास चुनौतियों के लिए नवोन्मेशी समाधानों की पहचान, परीक्षण और स्केल करने के लिए भारतीय प्रतिभा और संसाधनों का लाभ उठाया जा सके। 5 वर्षों के लिए 25 मिलियन अमरीकी डालर की पूंजी निर्धारित की गई थी जिसमें टीडीबी ने रु. 25 करोड (5 करोड़ प्रति वर्ष) का योगदान दिया। कार्यक्रम ने वर्ष 2018–19 में अपने 5 राउंड पूरे कर लिए हैं। इसके 5 वें राउंड में, 36 नवोन्मेशकों/एजेंसियों को कृषि, स्वच्छ ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पानी और स्वच्छता के क्षेत्रों में सामाजिक रुप से प्रासंगिक परियोजनाओं के लिए सहायता प्रदान की गई, जिसमें कुल रु. 23.5 करोड़ की पुरस्कार राशि मंजूर की गई। 5वें राउंड का पुरस्कार समारोह 1 जून, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

परियोजना प्रस्तावों की ऑनलाइन प्रस्तुति

वर्ष 2017–18 के दौरान, टीडीबी ने "परियोजना प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस)" के माध्यम से "परियोजना प्रस्तावों की ऑनलाइन प्रस्तुति" को सुविधाजनक बनाकर पारदर्शी और कुशल कार्य प्रकिया की दिशा में एक पहल शुरू की है @http://www.e-techcom.tdb.gov.in टीडीबी ने इस पहल को 2018–19 में भी जारी रखा।

प्रदर्शनियां/सेमिनार

टीडीबी द्वारा उपलब्ध सहायता के बारे में, उद्योग, उद्यमियों और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में जागरूकता पैदा करने के लिए, वर्ष 2018–19 के दौरान टीडीबी ने अन्य संगठनों के साथ मिलकर विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रदर्शनियों/चर्चा बैठकों इत्यादि में भाग लिया।

विहंगावलोकन

विहंगावलोकन

प्रस्तावना

भारत सरकार द्वारा प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड अधिनियम, 1995 के प्रावधानों के अंतर्गत सितम्बर, 1996 में प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड का गठन किया गया। टीडीबी का दायित्व स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास एवं इसके वाणिज्यिक अनुप्रयोग का प्रयास करना अथवा व्यापक घरेलु अनुप्रयोग हेतु आयातित प्रौद्योगिकी को अपनाने वाली औद्योगिक इकाईयों तथा एजेंसियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। इस अधिनियम में टीडीबी द्वारा संचालित प्रौद्योगिकी विकास तथा अनुप्रयोग के लिए फंड सृजन का प्रावधान है। इस फंड द्वारा सरकार से अनुसंधान एवं विकास उपकर अधिनियम, 1986 यथा संशोधित 1995 के प्रावधानों के तहत औद्योगिक इकाइयों से एकत्रित उपकर में से भारत सरकार से अनुदान प्राप्त किया जाता है। फंड की राशि के निवेश से प्राप्त आय और फंड द्वारा दिए गए अनुदानों की वसूली को फंड में जमा कर दिया जाता है। वित्त अधिनियम, 1999 द्वारा आयकर संबंधी उद्देश्यों के लिए फंड को दिए गए अनुदानों में पूर्ण कटौती करने हेतु सक्षम बनाया गया। 2017–18 के सामान्य बजट में, केंद्र सरकार द्वारा अनुसंधान और विकास उपकर अधिनियम, 1986 को समाप्त कर दिया गया जो कि 1 अप्रैल 2017 से प्रभावी है। वर्ष 1996–97 से 2018–19 की अवधि के दौरान आर एंड डी उपकर से सरकार द्वारा कुल रु. 7974.32 करोड़ एकत्र किए गए। टीडीबी को 23 वर्षों की अवधि में रु. 879.47 करोड़ (1996–97 से 2018–19) की संचित राशि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के गैर–योजना व्यय में से अनुदान सहायता के रूप में उपलब्ध कराई गयी।

वित्तीय सहायता प्रदान करने के तरीके

टीडीबी को अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों से वित्तीय सहायता हेतु वर्ष भर आवेदन प्राप्त होते रहते हैं। टीडीबी द्वारा वित्तीय सहायता ऋण या इक्विटी के रूप में तथा अपवादिक मामलों में अनुदान के रूप में उपलब्ध है। ऋण सहायता अनुमोदित परियोजना लागत के 50 प्रतिशत तक दी जाती है और इस पर प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत साधारण ब्याज लिया जाता है। ऋण अवधि के दौरान टीडीबी की सहायता से उत्पादित उत्पाद की बिक्री पर रॉयल्टी भी देय होती है। टीडीबी आवेदक से कोई भी प्रशासनिक, संसाधन या प्रतिबद्धता शुल्क नहीं लेता है। ऋण राशि का भुगतान ऋण करार के तहत उद्धत नियम एवं शर्तों एवं मानकों के अनुपालन के आधार पर किश्तों में किया जाता है। कुछ मामलों में, सहायता प्राप्त औद्योगिक इकाई के निदेशक मंडल में टीडीबी द्वारा नामित निदेशक भी शामिल होते हैं। परियोजना की कार्यान्वयन अवधि सामान्य तौर पर तीन वर्ष से अधिक नहीं होती। ऋण एवं ब्याज को कोलेटरल एवं गारंटी के माध्यम से सुरक्षित किया जाता है। सामान्यतया ऋण एवं ब्याज के पुनर्भुगतान की शुरूआत परियोजना के सफलतापूर्वक पूरा हो जाने के एक वर्ष बाद और ऋण स्थगन (मोराटोरियम) अवधि जो एक वर्ष से अधिक न हो के भीतर होती है। इसके बाद, ऋण राशि का भुगतान नौ छमाही किश्तों में किया जाता है। पहली किश्त के पुनर्भुगतान तक के संचित ब्याज को तीन वर्षों की अवधि के बाद वितरित किया जाता है।

टीडीबी किसी औद्योगिक कंपनी (कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन संचालित) में इसके आरंभ होने, चलाने और/अथवा प्रगति की अवस्थाओं में, टीडीबी द्वारा किये गये मूल्यांकन के आधार पर ऋण–इक्विटी अनुपात को ध्यान में रखते हुए इक्विटी पूंजी के रूप में अंशदान कर सकता है। इक्विटी अंशदान टीडीबी के पूरे बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाता है। यह स्वीकृत परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक होता है बशर्ते यह प्रोत्साहकों द्वारा चुकता पूंजी से अधिक न हो। औद्योगिक कंपनी को टीडीबी द्वारा अंशदान की धनराशि के समतुल्य अपने शेयर प्रमाण पत्र टीडीबी को जारी करने होंगे। अंशदान की पूर्व स्थितियों में, यह शामिल होगा कि प्रोत्साहकों का अंशदान होना चाहिए और अपने हिस्से की शेयर पूंजी को पूर्ण रुप से चुकता किया जाना चाहिए। प्रोत्साहकों को टीडीबी के अंशदान के बराबर अपने शेयर टीडीबी को गिरवी रखना चाहिए। टीडीबी को ऐसी कंपनियों के निदेशक मंडल में नामित निदेशक(कों) को रखने का अधिकार है। टीडीबी का यह विवेकाधिकार है कि वह (इक्विटी पूंजी) विनियमनों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परियोजना पूरी हो जाने के तीन वर्षों के पश्चात् अथवा अंशदान की तिथि से पांच वर्षों के पश्चात् कंपनी में अपनी शेयर धारकता को समाप्त कर सकती है। तथापि, शेयरों को वापस खरीदने का पहला विकल्प संस्थापकों के पास होगा। टीडीबी उन औद्योगिक कंपनियों के विद्यमान ऋण अथवा इक्विटी के प्रतिस्थापन पर विचार नहीं करता जिन्होंने अन्य संस्थानों से इस प्रकार का ऋण लिया है।

टीडीबी स्वदेशी रुप से प्रौद्योगिकी को विकसित करने में शामिल औद्योगिक कंपनियों और आर एण्ड डी संस्थानों को अनुदानों और / अथवा ऋण के रुप में भी वित्तीय सहायता मुहैया कराता है। अनुदानों की स्वीकृति का निर्णय टीडीबी के पूरे बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे राष्ट्रीय हित के विशेष मामलों में ही मुहैया किया जाता है। 31 मार्च, 2019 तक, टीडीबी द्वारा 1996 में इसके अस्तित्व में आने के बाद से रु. 8337.32 करोड़ की कुल परियोजना लागत युक्त कुल 355 करारों पर हस्ताक्षर किये गये हैं जिसमें से टीडीबी की वचनबद्धता रु. 2168.02 करोड की है। टीडीबी ने रु.879.47 करोड की सरकार द्वारा अनुदान सहायता एवं आंतरिक प्राप्तियों से रु.1819.46 करोड़ का संवितरण किया है।

टीडीबी द्वारा 31 मार्च, 2019 तक दी गई वित्तीय सहायता के तरीकों को निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है:

(रु. करोड़ में)

साधन	टीडीबी द्वारा स्वीकृत	टीडीबी द्वारा वितरित
ऋण	1699.30	1377.80
इक्विटी	33.06	34.66
अनुदान	150.66	150.49
वेन्चर फंड्स	285.00	252.51
कुल	**2168.02**	**1819.46**

करारों का क्षेत्र–वार विस्तार

टीडीबी की वित्तीय सहायता ने अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों को समाहित कर लिया है। निम्नलिखित तालिका में टीडीबी द्वारा 1996–97 में इसके गठन से 31 मार्च, 2019 तक स्वीकृत की गई परियोजनाओं को क्षेत्रवार दिखाया गया है:–

(रु. करोड़ में)

क्र. स.	सेक्टर	करारों की संख्या	कुल लागत	टीडीबी की प्रतिबद्धता
1	स्वास्थ्य एवं चिकित्सा	94	1957.99	563.94
2	इंजीनियरिंग	69	699.96	256.98
3	सूचना प्रौद्योगिकी	45	454.54	169.31
4	रसायन	26	236.80	84.69
5	कृषि	26	212.53	67.52
6	दूरसंचार	12	99.88	37.85
7	सड़क परिवहन	10	527.04	81.20
8	ऊर्जा और अपशिष्ट उपयोगिता	8	132.36	55.98
9	इलेक्ट्रोनिक्स	4	52.56	17.75
10	रक्षा एवं नागर विमानन	10	648.83	229.95
11	टेक्सटाइल	1	689.00	250.00
12	अन्य			
	(क) वेन्चर फंड्स	11	2463.00	285.00
	(ख) एसटीईपी – टीबीआईएस	35	35.00	35.00
	(ग) सीआईआई	1	0.83	0.50
	(घ) मिलेनियम अलायंस	1	112.00	25.00
	(ङ) ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलोजी अलायंस	1	15.00	7.35
	(च) इवेंट प्रोग्राम	1	-	-
	कुल योग	**355**	**8337.32**	**2168.02**

स्वास्थ्य, इंजीनियरी और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों कोअन्य क्षेत्रों की तुलना मे महत्वपूर्ण हिस्सेदारी मिली है। टीडीबी द्वारा दी गई सहायता अपने सभी नए उपक्रमों और विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में काफी हद तक बाजार संचालित और प्रौद्योगिकी उन्मुखी है।

वर्ष 1996–2019 के दौरान हुए करारों का राज्यवार वितरण

वर्ष 1996–2019 के दौरान हस्ताक्षर किए गए करारों (कम्पनी के रजिस्टर्ड कार्यालय के आधार पर) का राज्यवार वितरण निम्नलिखित है

(रु. करोड़ में)

सं.	राज्य, केन्द्र शासित	करारों की संख्या	कुल लागत	टीडीबी की वचनबद्धता
1	असम	1	18.31	8.20
2	आन्ध्र प्रदेश / तेलंगाना	86	1677.97	541.34
3	कर्नाटक	45	1027.96	355.67
4	महाराष्ट्र	47	1578.03	430.93
5	तमिलनाडु	37	319.51	100.38
6	दिल्ली	21	305.62	112.05
7	गुजरात	14	149.06	45.94
8	पश्चिम बंगाल	10	137.39	57.57
9	उत्तर प्रदेश	10	78.97	44.38
10	मध्य प्रदेश	7	155.92	42.20
11	हरियाणा	6	44.15	18.00
12	पंजाब	7	91.79	21.98
13	चंडीगढ़	4	43.75	16.50
14	केरल	5	21.63	8.15
15	हिमाचल प्रदेश	1	6.24	1.90
16	जम्मू एवं कश्मीर	1	5.65	2.38
17	मणिपुर	1	7.94	2.70
18	पांडीचेरी	1	5.83	1.90
19	राजस्थान	1	35.77	3.00
20	अन्य – सहित			
	वेंचर फंड्स	11	2463.00	285.00
	एसटीईपी – टीबीआईएस	35	35.00	35.00
	सीआईआई	1	0.83	0.50
	मिलेनियम अलायंस	1	112.00	25.00
	ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नॉलोजी अलायंस	1	15.00	7.35
	इंवेंट प्रोग्राम	1	–	–
	कुल योग	355	8337.32	2168.02

परियोजना प्रस्तावों की प्रक्रिया

टीडीबी से ऋण सहायता की अपेक्षा रखने वाली औद्योगिक इकाई को एक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा करना होता है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड की वित्तीय सहायता के लिए निर्धारित और अन्य विवरण मांग के आधार पर उपलब्ध 'परियोजना वित्तपोषण निर्देशिका' में उपलब्ध है। संबंधित उद्योग अथवा उद्यमी / प्रोत्साहक आवेदन प्रपत्र टीडीबी की वेबसाईट www.tdb.gov.in से डाउनलोड कर सकता है एवं http://e-techcom.tdb.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन भी कर सकता है। टीडीबी वर्ष भर आवेदन प्राप्त करता है।

आवेदनों की प्रारंभिक जांच

प्रारंभिक जांच समिति (आईएससी) वित्तीय सहायता के लिए प्राप्त आवेदनों की उनकी पूर्णता, परियोजना का उद्देश्य एवं प्रौद्योगिकी की स्थिति आदि की दृष्टि से जांच करती है। इस तरह की जांच में आवेदक और प्रौद्योगिकी प्रदाता द्वारा, एक विधिवत गठित प्रौद्योगिकी–सह–वित्तीय आईएससी के सामने औपचारिक प्रस्तुतीकरण शामिल है। आकलन और स्पष्टता के लिए अतिरिक्त जानकारी/विवरण या दोबारा प्रस्तुति की भी आवश्यकता पड़ सकती है। यदि आवेदन टीडीबी की वित्तीय सहायता के लिए निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करता है, तो आईएससी आगे की प्रक्रिया के लिए इसकी सिफारिश नहीं करने के लिखित कारणों के साथ आवेदन को अस्वीकार कर सकती है।

परियोजना मूल्यांकन समिति (पीईसी)

आईएससी की सिफारिशों के आधार पर आवेदन को साइट दौरे और जमीनी मूल्यांकन के लिए परियोजना मूल्यांकन समिति (पीईसी) को भेजा जाता है। प्रत्येक परियोजना के लिए उसकी प्रकृति और उत्पाद को ध्यान में रखते हुए पीईसी का गठन किया जाता है। परियोजना के स्वतंत्र मूल्यांकन के लिए टीडीबी के बाहर से संबंधित क्षेत्रों (विज्ञान, तकनीकी एवं वित्तीय) के विशेषज्ञों को इस समिति में शामिल किया जाता है।

विशेषज्ञ (सेवारत अथवा सेवानिवृत्त), सरकारी विभागों, आर एंड डी संगठनों, शैक्षिक संस्थानों, उद्योग संघों, वित्तीय संस्थानों और व्यावसायिक बैंकों से संबंधित हो सकते हैं। आवेदक को प्रौद्योगिकी प्रदानकर्त्ता सहित वैज्ञानिक, प्रौद्योगिक, विपणन, वाणिज्यिक तथा वित्तीय पहलुओं के प्रस्तुतीकरण की और परियोजना एवं कम्पनी से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत जानकारी देने का पूरा अवसर दिया जाता है।

मूल्यांकन मानदण्ड

आवेदनों को वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय, वाणिज्यिक एवं वित्तीय प्राथमिकता के आधार पर मूल्यांकित किया जाता है। मूल्यांकन प्रक्रिया में निम्नलिखित शामिल है :–

- प्रस्ताव के विषयों का अनूठा एवं नवोन्मेशी (इनोवेटिव) होना
- सुदृढ़ता, वैज्ञानिक गुणवत्ता और प्रौद्योगिकीय प्राथमिकता
- व्यापक रूप से अनुप्रयोग की क्षमता और वाणिज्यीकरण से लाभप्रद संभावनाएं
- प्रस्तावित प्रयास की उपयुक्तता
- प्रस्तावित कार्रवाई नेटवर्क में आर एंड डी संस्थान(नों) की क्षमता
- आंतरिक प्राप्ति सहित उद्यम की संगठनात्मक एवं वाणिज्यिक क्षमता
- प्रस्तावित लागत और वित्त पोषण के तरीके की औचित्यता
- मापन योग्य उद्देश्य, लक्ष्य एवं उपलब्धियों
- उद्यम का ट्रैक रिकार्ड

गोपनीयता एवं पारदर्शिता

टीडीबी यह मानता है कि गोपनीयता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रत्येक प्रस्ताव एक वाणिज्यिक प्रस्ताव होता है जिसमें एक नया उत्पादन अथवा प्रक्रिया शामिल होती है। अगर आवेदक द्वारा यह उल्लेख किया जाता है कि परियोजना प्रस्ताव में दी गई कुछ जानकारी को पूर्णत: गोपनीय माना जाये, तो ऐसी जानकारी को परियोजना मूल्यांकन समिति के विशेषज्ञों को परिचालित नहीं किया जाता है। पीईसी द्वारा प्रक्रिया संबंधी कुछ महत्वपूर्ण जानकारियों का खुलासा करने के संबंध में आवेदकों की आशंकाओं की संवेदनशीलता को ध्यान में रखा जाता है।

आवेदक के साथ व्यापक विचार विमर्श/चर्चा करने के पश्चात् पीईसी के विशेषज्ञों द्वारा अभ्युक्तियों और सिफारिशों को अंतिम रूप दिया जाता है।

वित्तीय सहायता का अनुमोदन

पीईसी द्वारा अनुशंसित उन सभी परियोजनाओं को जिनमें या तो परियोजना लागत 30 करोड़ रू. से अधिक हो या टीडीबी से सहायता 10.00 करोड़ रू से अधिक हों, टीडीबी के साथ तीसरे पक्ष के पैनलबद्ध परिसम्पत्ति प्रबंधक के पास सम्यक अवलोकन हेतु भेजा

जाता है। पीईसी की अनुशंसा को सम्यक अवलोकन रिपोर्ट (जहां लागू हो) के साथ बोर्ड के सामने अनुमोदन के लिए रखा जाता है। यदि पीईसी द्वारा परियोजना प्रस्ताव की अनुशंसा नहीं की जाती है तो टीडीबी द्वारा आवेदक का कारणों के उल्लेख सहित इसकी सूचना देते हुए उक्त प्रस्ताव को बंद कर दिया जाता है।

उपरोक्त मूल्यांकन स्तरों को पार करने के बाद, 2.50 करोड़ रू. तक के परियोजना प्रस्तावों को अध्यक्ष, टीडीबी द्वारा अनुमोदित किया जाता है, 2.50 करोड़ रू. से 10.00 करोड रू. के बीच के परियोजना प्रस्तावों को पूर्ण बोर्ड/बोर्ड की उप–समिति, जिसे अध्यक्ष द्वारा बोर्ड से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके गठित किया जाता है, के द्वारा अनुमोदित किया जाता है और 10.00 करोड रू. से अधिक के परियोजना प्रस्तावों को पूर्ण बोर्ड के द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

निगरानी एवं समीक्षा

टीडीबी लाभभोगियों को अनुमोदित सहायता किस्तों में उपलब्ध कराता है जो कि पूर्व निर्धारित उपलब्धियों की प्राप्ति पर आधारित होती है। दूसरी और अनुवर्ती किश्तों को प्रत्येक अनुमोदित परियोजना के लिए गठित की गई परियोजना निगरानी समिति (पीएमसी) की सिफारिशों के आधार पर जारी किया जाता है। परियोजना निगरानी समिति में वैज्ञानिक/तकनीकी एवं वित्तीय विशेषज्ञ भी शामिल होते हैं।

सक्रिय भूमिका

औद्योगिक इकाइयों और अन्य एजेंसियों से प्राप्त आवेदनों का उत्तर देने के अलावा टीडीबी प्रौद्योगिकी विकास एवं वाणिज्यीकरण के लिए व्यापक समर्थन सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाता है। अपने अधिदेश के तत्वावधान में टीडीबी ने निम्नलिखित पहलों के माध्यम से स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास और वाणिज्यीकरण को प्रोत्साहित किया है:

(क) वेंचर कैपिटल फंड (वीसीएफ) में भागीदारी

टीडीबी ने प्रौद्योगिकीय रूप से नवोन्मेषी, वित्तीय रूप से व्यवहार्य उद्यमों अर्थात् एसएमई/प्रारंभिक चरण के उपक्रम जिनमें नवोन्मेष तथा नवप्रवर्तक उत्पाद/सेवा शामिल थे, को सहायता प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी केंद्रित वीसीएफ में भागीदारी की। चयनात्मक आधार पर उच्च–जोखिम और उच्च–वापसी वाले प्रौद्योगिकी उन्मुख परियोजनाओं के संबंध में वीसीएफ में टीडीबी की भागीदारी को भौगोलिक और तकनीकी विस्तार के लिए एक उत्कृष्ट उपकरण माना गया है। बोर्ड ने मार्च, 2010 में अपनी 44वीं बैठक में वेंचर कैपिटल फंड हेतु टीडीबी द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता पर विचार और समीक्षा करने तथा इस प्रयोजन के लिए अपनाई जाने वाली कार्य पद्धति पर सुझाव देने के लिए एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया। बोर्ड ने 10 मई, 2010 में अपनी 45वीं बैठक के दौरान वीसीएफ में टीडीबी की भागीदारी हेतु व्यापक दिशा–निर्देश को अंतिम रुप प्रदान किया।

तब से, टीडीबी ने प्रतिष्ठित और अनुभवी प्रबंधकों नामतः एपीआईडीसी–बायोटेक्नोलॉजी फंड, यूटीआई–एसेंट इंडिया फंड, यूटीआई–इंडिया टेक्नोलोजी वेंचर यूनिट स्कीम, वेंचर ईस्ट टिनेट फन्ड–II, जीवीएफएल–एसएमई टेक्नोलॉजी वेंचर फंड, आरवीसीएफ–एसएमई टेक फंड आरवीसीएफ–II, सीआईआईई–इंडियन फंड फॉर सस्टेनेबल एनर्जी, सिडबी–इंडिया ऑपर्चुनिटीज़ फंड, एसईएएफ इंडिया एग्रीबिजनेस फंड, ब्लूम वेंचर के मल्टीसेक्टर सीड कैपिटल फंड तथा आइवीकैप वेंचर्स ट्रस्ट फंड–1 के साथ 11 वीसीएफएस में भागीदारी की है। इन निधियों का लक्ष्य नवोन्मेशी परियोजनाओं में सह–निवेश का लाभ उठाने की दृष्टि से आईटी/आईटीईएस, जैवप्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, दूरसंचार, नैनो–टैक्नोलॉजी, क्लीनटेक एनर्जी और एग्रीबिजनेस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी उन्मुख परियोजनाओं को सहायता प्रदान करना है। टीडीबी की कुल प्रतिबद्धता 285.00 करोड़ रू. की है जिनमें से आठ वीसीएफ में निवेश पर आय की प्राप्ति शुरू हो चुकी है।टीडीबी की प्रेरणा एवं भागीदारी ने उद्यम पूंजीपतियों को टीडीबी के मिशन हेतु सहायता प्रदान करने के लिए प्रेरित किया है। टीडीबी की इस पहल से निजी इक्विटी कोषों को भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति के संचालक क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी आधारित परियोजनाओं को सहायता प्रदान करने के लिए बढ़–चढ़ कर आगे आने का आत्म–विश्वास दिया है। वीसीएफएस में टीडीबी की आगे भागीदारी पर बोर्ड द्वारा विचार किया जा रहा है।

(ख) इन्क्यूबेटर्स में नवसृजित उद्योगों के लिए सीड सहायता

वर्ष 2005 में, टीडीबी ने अभिनव प्रौद्योगिकी उद्यमों के विचारों को विकसित करने और उनके विकसित हो रहे विचारों को फलीभूत करने और अंततः उन्हें बाजार तक पहुंच बनाने के लिए, ऐसे अभिनव प्रौद्योगिकी उद्यम विचारों वाले युवा उद्यमियों को प्रारंभिक चरण/स्टार्ट अप वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मूल सहायता योजना की शुरूआत की। प्रस्तावित सहायता

को प्रौद्योगिकी विकास और वाणिज्यीकरण के बीच एक माध्यम के रूप में कार्य करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था। डीएसटी के राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमिता विकास बोर्ड (एनएसटीईडीबी) द्वारा प्रशासित इन्क्यूबेटर्स/प्रौद्योगिकी व्यवसाय इन्क्यूबेटर्स (एसटीईपी/टीबीआई) के शुरूआतकर्ताओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए योजना की शुरूआत की गई थी।

31 मार्च, 2018 तक टीडीबी ने 35 करोड़ रू. की संचयी अनुदान सहायता के साथ 35 (जिनमें दो बार वित्तीय सहायता प्राप्त 4 टीबीआई/एसटीईपी शामिल हैं) टीबीआईएस और एसटीईपीएस में से प्रत्येक को 1.00 करोड़ रू. की सहायता प्रदान की। इन इन्क्यूबेटर्स ने इन्क्यूबेटीज कंपनियों को दूरसंचार, आईटी, रोबोटिक्स, कृषि, इंस्ट्रूमेंटेशन, इंजीनियरिंग, पर्यावरण, फार्मा, खाद्य, सौर, वस्त्र और जैव प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों में फैली उनकी परियोजनाओं के लिए सहायता प्रदान की। योजना ने अच्छी प्रगति की है और व्यवसाय विस्तार तथा संबंधित कार्यों में संलग्न बहुत से उद्यमियों को लाभान्वित किया है। इस योजना से इन्क्यूबेटर्स द्वारा इन्क्यूबेशन फंड का सृजन करने में भी सुविधा प्राप्त हुई है।

मार्च, 2016 में आयोजित बोर्ड की 53वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया कि चूंकि डीएसटी का एनएसटीईडीबी बड़े पैमाने पर मूल सहायता योजना को चला रहा है, अतः टीडीबी को इस योजना को बंद कर देना चाहिए। तथापि, टीडीबी द्वारा पहले से वित्तपोषित टीबीआईएस/एसटीईपीएस अपने इन्क्यूबेशन फंड के माध्यम से नए इन्क्यूबेट्स में निवेश जारी रख सकते हैं।

(ग) विदेशी संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन – सीईएफआईपीआरए

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड ने बीपीआईफ्रांस, फ्रांस, पूर्व में ओसियो, फ्रांस, एवं प्रबंध भागीदार के रूप में सीईएफआईपीआरए के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) का नवीनीकरण कर बीपीआईफ्रांस, फ्रांस के साथ अपने तकनीकी सहयोग को जारी रखा। 2016 में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए और यह 5 साल की अवधि के लिए वैध है। करार के तहत फ्रांस और भारत की कम्पनियों, संगठनों तथा संस्थानों के बीच सहयोग के जरिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवोन्मेश के क्षेत्रों में प्रौद्योगिकीय आदान–प्रदान को बढ़ावा देने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान–प्रदान तथा सहयोगात्मक उपायों की स्थापना से संबंधित कार्यकलापों का संचालन शामिल है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य एयरोनॉटिक्स, ऑटोमोटिव एवं बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में प्रस्तावों के लिए निधि प्रदान करना है।

(घ) टाईफैक के साथ समझौता ज्ञापन

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) और प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमान और मूल्यांकन परिषद (टाईफैक) ने अभिनव प्रौद्योगिकियों का पता लगाने, स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यीकरण करने और ऐसी प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यीकरण करने वाली कंपनियों में निवेश करने के लक्ष्य के साथ 10 फरवरी, 2018 को "परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकीय नवाचार" पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। सहयोग के दायरे एवं क्षेत्र में निम्नलिखित शामिल हैं:

- निवेश की प्रवृत्ति के साथ उभरती हुई (कोर थ्रस्ट) प्रौद्योगिकियों/प्रौद्योगिकी क्षेत्रों और उनका संचालन करने वाली ताकतों का पता लगाना।
- उन प्रौद्योगिकियों की पहचान करना जिनमें सामाजिक और आर्थिक माहौल को बदलने की क्षमता है और जो देश के बढ़ते युवाओं के लिए तत्काल, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक आधार पर रोजगार पैदा कर सकती हैं।
- अभिज्ञात किए गए क्षेत्रों से संबंधित प्रौद्योगिकी के आसान अंगीकरण के लिए नीतिगत अवसंरचना का विकास, उन्नयन और विनिर्माण जिसके परिणामस्वरूप देश में उनका वाणिज्यीकरण हो सकेगा।

(ड.) आईसीसीओ के साथ समझौता ज्ञापन

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) और नवप्रवर्तक परिवर्तन सहयोगात्मक (आईसीसीओ) भारत संगठन जो भारत में कार्यरत एक विकास संगठन है, ने अभिनव कृषि प्रौद्योगिकियों का पता लगाने, स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यीकरण करने और उन कंपनियों, जिनमें किसानों की आमदनी को दोगुना करने की क्षमता प्रदर्शित होती हो, में निवेश करने के लक्ष्य के साथ 6 मार्च, 2018 को "परिवर्तनकारी कृषि प्रौद्योगिकी व्यापार समाधान" संबंधी एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। सहयोग के दायरे एवं क्षेत्र में निम्नलिखित शामिल हैं:

- फसल कटाई पूर्व डोमेन, संबद्ध कृषि, फसल कटाई पश्चात डोमेन में प्रासंगिक कृषि प्रौद्योगिकी व्यापार समाधान का पता लगाना।
- उन प्रौद्योगिकियों और व्यावसायिक समाधानों की पहचान करना जिनमें ग्रामीण आर्थिक माहौल को बदलने की क्षमता प्रदर्शित हुई हो और जो देश के ग्रामीण युवाओं के लिए तत्काल, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक आधार पर रोजगार पैदा कर सकती हों।

- उनकी प्रौद्योगिकीय तत्परता और वाणिज्यिक और वित्तीय व्यवहार्यता के लिए व्यावसायिक मॉडल का मूल्यांकन करके कृषकों के आय स्तर पर वास्तव में सुधार करने के लिए अभिज्ञात किए गए क्षेत्रों में रूचि रखने वाले कृषि–तकनीक व्यवसायों की क्षमता का आकलन करना।

(च) जलवायु समाधानकर्ता भागीदार के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–भारत के साथ समझौता ज्ञापन

जलवायु समाधानकर्ता मंच, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के नवोन्मेषी कम कार्बन प्रौद्योगिकियों के विकास एवं व्यापक उपयोग को मबजूती देने वाली वैश्विक पहल का एक हिस्सा है जिसके परिणामस्वरूप कम उत्सर्जन तथा बेहतर ऊर्जा पहुंच में योगदान मिलेगा। यह मंच, कम कार्बन प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तकों तथा उद्योग संघों, निवेशकों, सरकार, इन्क्यूबेशन केंद्रों और मीडिया के बीच एक इंटरफेस उपलब्ध कराता है। छोटे और मध्यम उद्यमों द्वारा विकसित अभिनव स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की सावधानीपूर्वक संवीक्षा एवं चयन के बाद, जलवायु समाधानकर्ता का लक्ष्य जलवायु परिवर्तन के तत्काल और व्यवहारिक समाधान के रूप में उनकी क्षमता का प्रदर्शन करना, उनके पहुंच का विस्तार करना और नवाचार के समग्र मूल्य के साथ उनके बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है।

नवप्रवर्तन में भारत की ताकत जहां उसे ग्लोबल क्लीनटेक इनोवेशन इंडेक्स 2012 में 12वीं रैंक प्राप्त हुई है, को ध्यान में रखते हुए, टीडीबी ने दिनांक 21 मई, 2012 को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–इंडिया द्वारा शुरू किये गये जलवायु समाधानकर्ता मंच में शामिल होने का फैसला किया।

जलवायु समाधानकर्ता पहली बार डब्ल्यूडब्ल्यूएफ स्वीडन द्वारा 2008 में शुरू किया गया था और इसके तहत अब तक 28 नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों को पुरस्कृत किया जा चुका है। इन प्रौद्योगिकियों में विद्युत वाहनों, भवनों के लिए पर्यावरण अनुकूल सामग्री से लेकर ऊर्जा भंडारण प्रणालियां, सौर ऊष्मन एवं प्रशीतन आदि शामिल हैं।

भारत में, टीडीबी के अलावा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), न्यू वेंचर्स इंडिया, सेंटर फॉर इनोवेशन इन्क्यूबेशन एंड एन्ट्रप्रेन्योरशिप (आईआईएम अहमदाबाद), और स्काईक्वेस्ट टेक्नोलॉजिज कन्सल्टिंग प्राईवेट लिमिटेड भी इस कार्यक्रम में शामिल हैं। टीडीबी और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ–भारत ने पारस्परिक रूप से करार की वैधता को 21.05.2019 तक बढ़ा दिया है।

(छ) वाणिज्य और उद्योग पीएचडी चैम्बरों के साथ समझौता ज्ञापन

टीडीबी और वाणिज्य एवं उद्योग पीएचडी चैम्बरों (पीएचडीसीसीआई) ने राष्ट्रीय महत्व की उभरती हुई प्रौद्योगिकियों/प्रौद्योगिकीय क्षेत्रों जैसे कृषि व्यवसाय तथा खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य देखभाल तथा भेषज, विद्युत गतिशीलता, जल और अपशिष्ट से ऊर्जा, ऑटोमोबाइल आदि का पता लगाने और इन क्षेत्रों के संचालक कारकों को अभिज्ञात करने, वाणिज्यीकरण तक पहुंचाने के लिए प्रौद्योगिकी के सरल अंगीकरण हेतु नीतिगत अवसंरचना का विकास, उन्नयन और विनिर्माण भी करने के लिए 25 अप्रैल 2018 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दोनों संगठन प्रौद्योगिकी संचालित परियोजनाओं वाले ऐसे उद्योगों को अभिज्ञात करने के लिए सहयोग कर रहे हैं जिनके सामाजिक एवं आर्थिक लाभ हों और जिनसे तत्काल, मध्यम अवधि और दीर्घावधि आधार पर रोजगार की सृजन हो।

(ज) एसोचैम के साथ समझौता ज्ञापन

टीडीबी और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग संघ (एसोचैम) ने राष्ट्रीय महत्व की उभरती हुई प्रौद्योगिकियों/प्रौद्योगिकीय क्षेत्रों जैसे भेषज, चिकित्सा उपकरण एवं नैदानिकी, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, रक्षा तथा एयरोस्पेस, विद्युत गतिशीलता और ऑटोमोबाइल का पता लगाने और इन क्षेत्रों के संचालक कारकों को अभिज्ञात करने, वाणिज्यीकरण तक पहुंचाने के लिए प्रौद्योगिकी के सरल अंगीकरण हेतु नीतिगत अवसंरचना का विकास, उन्नयन और विनिर्माण भी करने के लिए 3 मई 2018 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। दोनों संगठन सम्मेलन, संगोष्ठियों तथा परियोजना लेखन कार्यशालाओं के जरिए तत्काल, मध्यम अवधि और दीर्घावधि आधार पर वाणिज्यिक परिणाम वाली प्रोटोटाइप प्रौद्योगिकियों/प्रौद्योगिकी संचालित परियोजनाएं संचालित कर रही कंपनियों को अभिज्ञात करने के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं।

(झ) बीआईआरएसी के साथ समझौता ज्ञापन

"स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियों के वाणिज्यीकरण" के लिए विभिन्न उद्योग समर्थक संगठनों के बीच समाभिरूपता लाने के लिए जैवप्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) और प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के बीच 7 सितम्बर, 2018 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ताकि जैवविविकित्सीय/जैवप्रौद्योगिकीय नवप्रवर्तनों, अंतरण और सुगमता से उनके वाणिज्यीकरण हेतु वैश्विक और राष्ट्रीय पारितंत्र का सृजन एवं पोषण किया जा सके।

सहयोग के क्षेत्र और कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित शामिल हैं:

- नवोन्मेष तथा वाणिज्यीकरण के अंतराल को कम करने के लिए समेकित प्रयास करने के लिए बीआईआरएसी और टीडीबी संयुक्त संगठनात्मक तंत्र को संभव बनाएंगे।
- सक्रिय प्रशासनिक संरचना की स्थापना करके सुगम मूल्यांकन तथा वित्तीयन सहायता विचारणों के लिए संबंधित संगठनात्मक कार्यक्षेत्र के भीतर आ सकने वाली जैव प्रौद्योगिकी परियोजनाओं पर परस्पर सहमति।
- पक्षकार कारगर वित्तीयन को एकजुट करने तथा प्रौद्योगिकी तैयारी के अंतराल को समाप्त करने के लिए अपनी–अपनी संगठनात्मक ताकतों का लाभ लेने के लिए सहक्रियता का सृजन करेंगे।
- समझौता ज्ञापन संबंधी प्रचालन अवधि, वित्तीय जवाबदेही तथा सहयोग की सीमा के संबंध में परस्पर सहमति से प्रति संदर्भ हेतु परियोजनाओं पर निर्णय लिया जाएगा।
- इस समझौता ज्ञापन के जरिए पक्षकार संयुक्त पहल के उद्देश्यों की प्राप्ति का विस्तार करने के लिए अपने ज्ञान आधार, आंतरिक प्रक्रियाओं तथ परियोजना निविष्टियों को साझा करने पर संयुक्त रूप से सहमत हुए हैं।

(ञ) सहयोग

इवेंट कार्यक्रम

टीडीबी ने अंतरराष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी), यूके के सहयोग से वर्ष 2015–16 में इनोवेटिव वेंचर्स एंड टेक्नोलॉजी फॉर डेवलपमेंट (इवेंट) कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम को निम्न आय वर्ग जिन्हें पिरामिड की अंतिम सीढ़ी (बीओपी) के रूप में भी जाना जाता है, के लिए सकारात्मक सकारात्मक सामाजिक और आर्थिक प्रभाव वाले प्रौद्योगिकीय और प्रक्रिया उन्मुख समावेशी नवाचार समाधान के लिए एक मंच बनाने के लिए तैयार किया गया। इस सहायता में भारत के 8 कम आय वाले राज्यों (एलआईएस) (उ.प्र., म.प्र., बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल) में वित्तपोषण, गहन निगरानी, ज्ञान और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, समर्थन सेवाओं और संबंधित नेटवर्किंग शामिल है परन्तु यह केवल यहीं तक सीमित नहीं है।

अंतिम उद्देश्य:

- उपर्युक्त 8 एलआईएस में प्रभावी निवेश के लिए व्यवहार्य सामाजिक उद्यमों की एक कड़ी तैयार करना।
- 8 कम आय वाले राज्यों में 50 ऐसे सामाजिक उद्यमों का सृजन करना जिनमें निवेश किए जाने पर लाभ की प्राप्ति तय हो।
- 8 कम आय वाले राज्यों में 160 उद्यमियों को सहायता प्रदान करना।

प्रभाव:

- 8 कम आय वाले राज्यों में सामाजिक उद्यमों को विकसित करने के लिए उपयुक्त वित्तपोषण के अवसरों में विविधता लाने के लिए एक पारितंत्र उपलब्ध होगा।
- सांस्कृतिक बाधाओं को तोड़ने और अधिकाधिक लोगों को सामाजिक उद्यमिता में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी सहायता में वृद्धि।
- मजबूत पहचान के साथ स्थापित सामाजिक इन्क्यूबेटस।

वित्त वर्ष 2015–16 में टीडीबी एवं मेसर्स विलग्रो इनोवेशन्स फाउंडेशन (वीआईएफ) के बीच एक करार पर हस्ताक्षर किए गए जिसमें 8 कम आय वाले राज्यों में प्रभावकारी निवेश के लिए व्यवहार्य सामाजिक उद्यम (लाभ के लिए) पाइपलाइन बनाने का सृजन करने के प्रति लक्षित इन्क्यूबेशन सहायता प्रदान करने के लिए विलग्रो को एक मुख्य इन्क्यूबेटर के तौर पर कार्य करने के लिए चुना गया। विलग्रो वर्तमान मे एलआईएस में गरीबों को फायदा पहुंचाने वाले और साथ ही व्यवसायिक रूप से सफल, अभिनव व्यवसायों के मूल या शुरूआती चरण में सहायता के लिये चार इन्क्यूबेटस अर्थात आईआईएम कोलकाता इनोवेशन पार्क (आईआईएमसीआईपी), केआईआईटी टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेटर, भुवनेश्वर (केआईआईटी–टीबीआई), सिडबी इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेन्टर, आईआईटी कानपुर (एसआईआईसी आईआईटीके) और स्टार्ट–अप ओएसिस (सीआईआईई, आईआईएम अहमदाबाद और आरआईआईसीओ की एक पहल) को सहायता प्रदान कर रहा है।

• ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी अलायंस (जीआईटीए)

भारत के औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास प्रयासों में त्वरण को सहायता प्रदान करने के अनन्य उद्देश्य के साथ 2011 में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार के बीच निजी–सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) संयुक्त उद्यम के

रूप में ग्लोबल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी अलायंस (जीआईटीए) की स्थापना की गयी। यह अधिदेश प्रधानमंत्री व्यापार एवं उद्योग परिषद का परिणाम था।

जीआईटीए प्रौद्योगिकी अंतराल को मापने, दुनिया भर में उपलब्ध प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन करने और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकीय–कार्यनीतिक सहयोगात्मक भागीदारियां करने के लिए अभिनव मंच है। जीआईटीए प्रौद्योगिकी विकास/अधिग्रहण/ग्राहकीकरण/नियोजन के लिए वित्तीयन की सुविधा प्रदान करते हुए प्रभावकारी गठबंधन और सहयोगात्मक औद्योगिकी अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के लिए औद्योगिक तथा संस्थागत भागीदारों को आपस में जोड़ता है। आज की तारीख तक, जीआईटीए भारत सरकार की ओर से लगभग 150 मिलियन अमेरिकी डालर के औद्योगिकी आरएंडडी फंडिंग के लिए उत्तरदायी है और उसने सरकार द्वारा निवेशित प्रत्येक डॉलर के लिए लगभग दोगुना निजी निवेशकों को प्रेरित किया है।

पिछले वर्षों में, जीआईटीए द्वारा विभिन्न भारत सरकार मंत्रालयों और विभागों, जैसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), भारी उद्योग विभाग (डीएचआई), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), औद्योगिकी नीति एवं संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमओएमएसएमई) की भागीदारी के अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय और द्विपक्षीय औद्योगिक आरएंडडी तथा प्रौद्योगिक अधिग्रहण परियोजनाओं का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया जा रहा है। जीआईटीए ने नवप्रवर्तन पारितंत्र को बेहतर बनाने के लिए यूरोपीय आयोग जैसे बहुपक्षीय निकायों के साथ भी गठबंधन किया है।

अंतःक्षेप राष्ट्रीय महत्व से लेकर भारत की प्रौद्योगिकीय महत्वाकांक्षाओं के क्षेत्रों अर्थात किफायती स्वास्थ्य देखभाल, ऊर्जा और परिवहन सहित स्वच्छ प्रौद्योगिकियों, उन्नत विनिर्माण, पूंजीगत वस्तु क्षेत्र, रक्षा तथा एयरोस्पेस, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी), इलेक्ट्रानिक प्रणाली डिजाइन एवं विनिर्माण (ईएसडीएम), जल प्रौद्योगिकियां (जल शुद्धिकरण, विलवणीकरण, सिंचाई प्रौद्योगिकियों, अपशिष्ट जल शोधन तथा प्रबंधन सहित) पर केंद्रित रहे हैं।

वर्ष 2018–19 में जीआईटीए ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। रिकॉर्ड संख्या में द्विपक्षीय औद्योगिक आरएंडडी आमंत्रणों की शुरूआत की गई – 5; रिकॉर्ड संख्या में परियोजनाएं प्रदान की गईं – 11, और संभवतः सबसे महत्वपूर्ण रूप से, रिकॉर्ड संख्या में परियोजनाएं लाक्षणिक रूप से अंतिम सीमा तक पहुंची – पूर्ण रूप से समाप्ति के रूप में 5 और अपने प्रौद्योगिक विकास चरणों की समाप्ति के रूप में अन्य 11 परियोजनाएं। इस वर्ष, जीआईटीए ने जीआईटीए नवप्रवर्तन आदान–प्रदान (जीआईएक्ससी) नामक पहल के साथ भारतीय नवप्रवर्तन पारितंत्र के साथ अपने सहयोग को व्यापक बनाया तथा उसे औपचारिक रूप प्रदान किया। जीआईएक्ससी एक अनन्य, काल्पनिक मंच है जो पूरे नवप्रवर्तन रेंज में कार्यकर्ताओं के लिए प्रौद्योगिकीय भागीदारियों, प्रौद्योगिकियों, आईपी सेवाओं तथा वित्तपोषण हेतु विश्वसनीय संपर्कों के सृजन के लिए प्रयास करता है।

मिलेनियम अलायंस (एमए)

टीडीबी, संयुक्त राज्य अमेरिका की एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) द्वारा ऐसे नवप्रवर्तनों जो पिरैमिड की निचली सीढ़ी (बीओपी) स्तर पर सुधार लाता है, की पहचान, परीक्षण और उन्नयन करने के लिए एक मंच के रूप में संयुक्त रूप से वर्ष 2011 में मिलेनियम अलायंस (एमए) की शुरूआत की गई थी। यह गठबंधन स्वास्थ्य, बुनियादी शिक्षा, जल एवं स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा/कृषि और स्वच्छ ऊर्जा सहित महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए वैश्विक विकास के लिए एक नवप्रवर्तन साझेदारी के रूप में बना है तथा यह सुनिश्चित करता है कि नवप्रवर्तनों के लाभ बीओपी आबादी को भी प्राप्त हों। बाद में, यूके का अंतरराष्ट्रीय विकास विभाग (डीएफआईडी), आईसीसीओ कोऑपरेशन, आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इन्क्लूसिव ग्रोथ, वर्ल्ड बैंक ग्रुप और फेसबुक भी इस मंच में शामिल हुए। प्रत्येक एमए भागीदार अंतरणात्मक परिवर्तन ला सकने में सक्षम सामाजिक उद्यमों को सहायता का लक्ष्य रखते हुए अपने साथ वित्तीय और ज्ञान संबंधी संसाधन लाता है। विकास संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए भारत में विकसित और परीक्षण किए जा रहे ऐसे नवप्रवर्तक समाधान जिनसे देश तथा विश्व भर की बीओपी जनसंख्या लाभान्वित होगी, को अभिज्ञात करने तथा उनका उन्नयन करने के लिए भारतीय सृजनात्मकता, विशेषज्ञता एवं संसाधनों का लाभ उठाने के लिए एमए अनन्य मंच है। एमए नवप्रवर्तकों को वित्तीय और अन्य प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार करने और इस कार्य हेतु सुविधा प्रदान करने के लिए विभिन्न सामाजिक आविष्कारकों, परोपकारी संगठनों, सामाजिक उद्यम पूंजीपतियों, ऐंजल निवेशकों, दानियों, सेवा प्रदाताओं, और कॉरपोरेट फाउंडेशन को एक साथ लाने के लिए नेटवर्क है।

25 मिलियन एयूएसडी का एक कोष 5 वर्ष की अवधि के लिए स्थापित किया गया था जिसमें टीडीबी ने 25 करोड़ रू. (5 करोड़

रू. प्रतिवर्ष) का योगदान किया था। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत, नवप्रवर्तकों को बीज वित्तपोषण, अनुदान, इन्क्यूबेशन, नेटवर्किंग के अवसर, व्यवसाय सहायता, ज्ञान विनिमय और तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है जो कि इक्विटी, ऋण और अन्य पूंजी तक पहुंच की सुविधा प्रदान उपलब्ध कराती है।

इस कार्यक्रम ने वर्ष 2018–19 तक 5 दौर पूरे कर लिए हैं। इन दौरों के जरिए कार्यक्रम में 86.7 करोड़ रू. की वित्तीय सहायता के साथ 124 अभिनव परियोजनाओं को सीधे तौर पर सहायता प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं से किसान आय में बढ़ोतरी करके करीब 7 मिलियन लोगों को प्रभावित किया है जिससे उन्हें प्रारंभिक ग्रेड शिक्षा, स्वच्छ पेयजल, अपने घरों के लिए ऊर्जा और किफायती एवं डिजिटल स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच प्रदान की जा रही है। सहायता प्राप्त उद्यम बाह्य निधि की व्यवस्था करने के साथ–साथ व्यापक एवं सतत परियोजना कार्यान्वयन के लिए भागीदारियां करने के लिए उन्हें उत्प्रेरक निधि के रूप में प्रदत्त अनुदान का लाभ उठाने में समर्थ रहे हैं।

एमए द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं को भारत के 21 राज्यों में लागू किया जा रहा है। इस कोष से 11 देशों में अंतःक्षेपों को सहायता प्रदान की जा रही है। एमए अपनी तरह का एकमात्र कार्यक्रम है जो 22 भारतीय कंपनियों को अफ्रीका (केन्या, रवांडा, युगांडा, इथोयोपिया, बुर्किना फासो और मलावी) और दक्षिण एशिया (अफगानिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका एवं नेपाल) में अपने नवप्रवर्तनों के प्रतिरूपण और उन्नयन हेतु सहायता प्रदान करता है। एमए ने सामाजिक उद्यमियों की नई पीढ़ी के लिए एक बड़ा संवेग प्रदान किया है जो अंतिम व्यक्ति तक सेवा की सुपुर्दगी सुनिश्चित करने के लिए टिकाऊ, उन्नयन योग्य अभिनव मॉडल विकसित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम ने दुनिया भर में सामाजिक क्षेत्र में उद्यमिता विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

(ट) प्रौद्योगिकी दिवस और राष्ट्रीय पुरस्कार का वितरण

प्रौद्योगिकी दिवस

प्रत्येक वर्ष 11 मई को पूरे भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है। यह दिन जीवन में विज्ञान के महत्व को दर्शाता है और विद्यार्थियों को कैरियर विकल्प के तौर पर विज्ञान को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

दिनांक 11 मई, 1998 को पोखरण, राजस्थान में ऑपरेशन शक्ति (पोखरण–द्वितीय) के तहत किए गए पांच परमाणु परीक्षणों में से प्रथम परीक्षण की सालगिरह का जश्न मनाने के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन किया जाता है। पोखरण परमाणु परीक्षण के अलावा भारत ने इसी दिन पहले स्वदेशी विमान हंस–3 का परीक्षण बैंगलोर में किया और त्रिशूल मिसाइल की फायरिंग का सफल परीक्षण भी किया। इन सभी उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाए जाने के लिए चुना गया।

यह दिन, भारतीय उद्योग जगत को अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में प्रवेश पाने के लिए राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के साथ मजबूत साझेदारी बनाने और अकादमिक संस्थानों के साथ साझा नेटवर्क बनाने के लिए प्रेरित करता है।

राष्ट्रीय पुरस्कार

इस दिन को एक उत्सव के तौर पर मनाने के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरूआत की। यह पुरस्कार अभिनव स्वदेशी प्रौद्योगिकी के सफल वाणिज्यीकरण के लिए विभिन्न उद्योगों को प्रदान किया जाता है। 11 मई, 1999 को प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर पहली बार यह राष्ट्रीय पुरस्कार देश में विकसित तकनीक "पुनःसंयोजक डीएनए आधारित हैपेटाइटिस–बी वैक्सीन" के सफलतापूर्वक वाणिज्यीकरण के लिए मेसर्स शांता बायोटेक्नीक्स प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद एवं उसकी आर एंड डी इकाई को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा दिया गया था।

पुरस्कार के तहत 10 लाख रू. का नकद पुरस्कार और एक ट्रॉफी प्रदान की जाती है। अगर उत्पाद का निर्माण एवं वाणिज्यीकरण दो अलग–अलग संस्थाओं द्वारा किया गया है तो दोनों ही अलग–अलग पुरस्कार प्राप्त करने के पात्र होंगे। वर्ष 2016 में, इस पुरस्कार राशि को बढ़ाकर 25 लाख रू. कर दिया गया।

एसएसआई इकाई हेतु पुरस्कार–टीडीबी ने अगस्त, 2000 में उन एसएसआई इकाईयों के लिए 2 लाख रू. के नकद पुरस्कार की घोषणा की जिन्होंने स्वदेशी तकनीक पर आधारित उत्पाद का सफलतापूर्वक वाणिज्यीकरण किया है। पहला एसएसआई इकाई पुरस्कार 11 मई, 2001 को दिया गया। बाद में, वर्ष 2011 में पुरस्कार की संख्या और मात्रा बढ़ाकर क्रमशः तीन और 5 लाख रू. कर दिया गया। वर्ष 2016 में, इस पुरस्कार का नाम बदलकर 'एमएसएमई पुरस्कार' कर दिया गया और पुरस्कार राशि को बढ़ाकर 15 लाख रू. कर दिया गया।

प्रौद्योगिकी स्टार्ट–अप पुरस्कार – वर्ष 2017–18 के दौरान, टीडीबी ने वाणिज्यीकरण की क्षमता वाली संभावनापूर्ण नई प्रौद्योगिकी के लिए 15.00 लाख रू. के नकद पुरस्कार और ट्रॉफी के साथ स्टार्ट–अप के लिए एक नई श्रेणी का पुरस्कार भी शुरू किया।

इस प्रकार, 11 मई 2018 को प्रौद्योगिकी दिवस समारोह के दौरान निम्नलिखित तीन श्रेणियों के अंतर्गत पुरस्कारों का वितरण किया गया:

- स्वदेशी तकनीक के सफल विकास एवं वाणिज्यीकरण करने वाली औद्योगिक इकाई को 25.00 लाख रू. और ट्रॉफी के दो राष्ट्रीय पुरस्कार; अगर उत्पाद का निर्माण एवं वाणिज्यीकरण अलग–अलग हैं तो दोनों ही पुरस्कार प्राप्त करने के लिए योग्य होंगे।
- प्रौद्योगिकी आधारित स्वदेशी तकनीक के सफल वाणिज्यीकरण के लिए पांच राष्ट्रीय पुरस्कार – प्रौद्योगिकी आधारित स्वदेशी तकनीक का सफल वाणिज्यीकरण करने वाले एमएसएमई को 15.00 लाख रू. का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी।
- तीन (3) प्रौद्योगिकी स्टार्ट–अप पुरस्कार – वाणिज्यीकरण की क्षमता वाली संभावनापूर्ण नई प्रौद्योगिकी के लिए 15.00 लाख रू. का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी।

(ठ) 'प्रस्तावों के लिए आमंत्रण' जारी करना

बोर्ड द्वारा सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया जाता है और "मेक इन इंडिया" में अभिज्ञात किए गए विभिन्न कार्यनीतिक क्षेत्रों में नवप्रवर्तन आधारित प्रौद्योगिकी पर केंद्रित परियोजनाओं को सहायता प्रदान करने के टीडीबी के इरादे से स्थानीय उद्योग जगत को अवगत कराने के लिए, उद्योगों के महत्व के विभिन्न क्षेत्रों में प्रस्तावों के लिए आमंत्रण जारी किया जाता है।

(ड) विवाद समाधान समिति (डीआरसी)

टीडीबी की स्थापना के बाद से लगभग कई मामलों को या तो प्रौद्योगिकी की विफलता या वाणिज्यीकरण की विफलता के कारण विवादग्रस्त घोषित किया गया है। इन एनपीए/विवादग्रस्त मामलों पूर्व–मुकदमेबाजी और मुकदमेबाजी के मामलों की वजह से, टीडीबी ने अध्यक्ष, टीडीबी की मंजूरी से वर्ष 2015 के अंत में इस तरह के मामलों को निपटान करने के लिए "विवाद समाधान समिति (डीआरसी)" के रूप में एक तंत्र की शुरूआत की।

डीआरसी का उद्देश्य टीडीबी के बकाया भुगतान से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए कंपनियों को एक मंच प्रदान करना है। हालांकि, डीआरसी कहीं भी टीडीबी द्वारा शुरू की गई कानूनी कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं करता है। डीआरसी की सिफारिशें बोर्ड के समक्ष मंजूरी के लिए रखी जाती हैं। इस प्रक्रिया के माध्यम से, कई कंपनियों के साथ मुद्दों का समाधान और वसूली की गई है।

(ढ) सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का निर्माण

कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और बेहतर संपर्क स्थापित करने एवं वर्तमान परिदृश्य में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के महत्व को ध्यान में रखते हुए, टीडीबी ने अपना सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म होने की जरूरत को महसूस किया और निम्नानुसार अपने अधिकारिक पृष्ठ बनाए:

Linkedin: https://www.linkedin.com/in/technology-development-board
Facebook: https://www.facebook.com/tdbgoi/
Twitter: https://twitter.com/tdbgoi

टीडीबी ने www.tdb.gov.in डोमेन नाम के साथ एनआईसी सर्वर पर अपनी नई आधिकारिक वेबसाइट की शुरूआत की। सरकार के सरकारी वेबसाइट बनाने के दिशानिर्देशों (जीआईजीडब्ल्यू) के अनुसार यह वेबसाइट विकसित की गई है ताकि टीडीबी और इसकी योजनाओं के बारे में जनता को सुगमता से जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।

इसके अलावा, वर्ष 2017–18 से, टीडीबी ने पारदर्शी और कुशल कार्य प्रक्रिया के लक्ष्य के साथ "परियोजना प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस)" @http://www.e-techcom.tdb.gov.in के माध्यम से "परियोजना प्रस्तावों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण" की सुविधा प्रदान की है।

आभार

टीडीबी, अपने बोर्ड के सदस्यों के समय, प्रयासों, मार्गदर्शन एवं योगदान के लिए उनकी आभारी है।

हस्ताक्षरित करार

एपीजेन फेस-I फंडिग

मेसर्स एपीजेन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, नवी मुंबई

क्षेत्र: स्वास्थ्य एवं चिकित्सा

7 सितंबर, 2018 को करार पर हस्ताक्षर किए गए

परियोजना का उद्देश्य

एपीजेन फेस-I फंडिग परियोजना के लिए टीडीबी ने मेसर्स एपीजेन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड नवी मुंबई के साथ ऋण करार पर हस्ताक्षर किए।

परियोजना के तहत, मेसर्स एपीजेन बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड (ईबीपीएल) का लक्ष्य सीएसआईआर–आईएमटेक से प्रौद्योगिकी लाइसेंस के तहत 2020 में अपनी प्रविष्टि बायोसिमिलर रिकोमबिनेंट स्ट्रेप्टोकिनेज (आरएसके) शुरू करना है. स्ट्रेप्टोकिनेज बीटा हेमिलिटिक स्ट्रेप्टोकोकी से निकला प्रोटीन है, जो थ्रोम्बोलाइटिक एजेंट के रूप में कार्य कर सकता है और इसका उपयोग शरीर में पहले से जमे रक्त के थक्कों का विश्लेषण करने के लिए किया जा रहा है, जिससे इस्किमिया जैसी बीमारी हो सकती है। किफायती कीमत पर इस महत्वपूर्ण चिकित्सीय प्रोटीन के बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए कंपनी ने अपनी बायोसिमिलर आरएसके प्रौद्योगिकी को बढ़ाने के लिए सीएसआईआर–आईएमटेक के साथ समझौता किया है इस सुप्रमाणिक प्रौद्योगिकी को सवर्धित उत्पाद निष्पादन एवं रोगी सुरक्षा प्रोफाइल के लिए बनाया गया है।

2013–2014 में शुरू हुई प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग प्रक्रिया लैब स्केल प्रौद्योगिकी हस्तातंरण, क्लोन ट्रांसफर और प्रबंधन, 10 लि और 100 लि स्केल उच्च सेल घनत्व किण्वन और शुद्दि अध्ययन और आईबीएससी और पूर्व नैनादिक अध्ययन के बारे में विनिमात्मक कार्यों को कवर किया। कम्पनी ने आरएसके के प्रायोगिक स्तर पर उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी को सफलतापूर्वक ईष्टम बनाया गया है। उन्होंने स्ट्रेप्टोकोकस इक्विसिमिलिस से स्ट्रेप्टोकिनेज (एसके) जीन को अलग कर दिया है और इसे टी 7 पोलीमरेज प्रमोटर–आधारित अभिव्यक्ति वैक्टर में क्लोन किया है। इस अभिव्यक्ति वेक्टर को तब ई कोलाई कोशिकाओं में स्थानांतरित किया गया था और आरएके प्रोटीन को एक गैर–ग्लाइकोसिलेटेड पॉपलीपेप्टाइड श्रृंखला के रूप में व्यक्त किया गया था जिसमें लगभग 400 अमीनो एसिड होते थे जिसमें 47 केडीए का आणविक भार किया था। इस आरएसके के प्लास्मिड को पौराणिक बीटा लैक्टम मार्कर से युक्त करने के लिए बदल दिया गया है और अभिव्यक्ति के लिए अद्वितीय अनुकूलन तकनीकों के साथ उच्च सेल घनत्व पदर किण्वित किया जाता है। आरएसके को ट्रेडमार्क युक्त डाउनस्ट्रीम प्रसंस्करण और क्रोमैटोग्राफिक तकनीकों द्वारा शुद्ध किया गया है। ईबीपीएल का लक्ष्य है कि इस जीवन रक्षक कार्डियोवस्कुलर (थ्रोम्बोलाइटिक) दवा को भारतीय उपमहाद्वीप ओर दुनिया के वंचित लोगों तक उच्चतम गुणवत्ता वाले मानकों को ध्यान में रखते हुए किफायती कीमत पर पहुँचाना।

कुल परियोजना लागत
6861.69 लाख रु.
टीडीबी से सहायता
995.00 लाख रु.

स्काईनेट प्रोग्राममैटिक टीवी प्लेटफार्म का विकास और वाणिज्यकरण

मेसर्स श्योरवेव्स मीडियाटेक प्रा. लिमिटेड बैंगलोर

क्षेत्र: आईटी

15, सितंबर, 2018 को करार पर हस्ताक्षर किए गए

श्योरवेव्स की नई पेशकश टेलीविजन विज्ञापन की दुनिया में प्रतिमान बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है। प्रोग्रामेटिक विज्ञापन डिजिटल मीडिया में प्रमुख रहे हैं और यह अत्यधिक कुशल और उत्तरदायी साबित हुए है, लेकिन इसे अभी भी सफलतापूर्वक लागू किया जाना है, पहले शुरू से अंत तक इसे टीवी पर लागू करना है। स्काईनेट पहली बार पारंपरिक टेलीविजन की योजना, खरीद, माप और अनुकूलन विषयों के लिए डेटा संचालित, प्रौद्योगिकी–आधारित सशक्तिकरण को सक्षम बनाता है। परंपरागत रूप से, टेलीविजन विज्ञापन योजना एक जटिल, समय लेने वाली प्रक्रिया रही है। इसके अलावा, योजनाकारों के लिए अपने अभियानों पर त्वरित डेटा प्राप्त करना मुश्किल हो गया है, इस प्रकार पाठ्यक्रम सुधार के लिए लम्बा समय चाहिए। स्काईनेट एक ब्रांड टेलीविजन अभियान के पूर्ण और औसत दर्जे के कार्यान्वयन की गारंटी देने वाले परिष्कृत योजना एल्गोरिदम का उपयोग करके मजबूत तकनीक के साथ इसे बदलना चाहता है।

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने स्काईनेट प्रोग्राममैटिक टीवी प्लेटफार्म के "विकास एवं वाणिज्यकरण" नामक परियोजना के लिए मेसर्स श्योरवेव्स मीडियाटेक बैंगलोर के साथ ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

परियोजना के तहत, कंपनी अपने इन–हाउस आरएंडडी के माध्यम से स्वदेशी तौर पर 'स्काईनेट' का उत्पादन करने का विचार कर रही है। स्काईनेट अपने आप में ही एक प्रकार का प्रोग्राममैटिक टेलीविजन विज्ञापन विपणन स्थान है जो विक्रेताओं को समझदारी से विज्ञापन के प्रसारण टीवी चैनलों को खरीदने में दर्शकों को सक्षम बनाता है। जो डिजीटल विज्ञापन से सम्बंधित है। इस तकनीक में टेलीविजन, इंटरनेट उपकरणों और मोबाइल उपकरणों सहित विभिन्न प्रकार के मीडिया में लक्षित विषय–वस्तु सुविधा प्रदान करके अपनी उन्नत क्षमताओं के माध्यम से जन स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्रों में व्यापक अनुप्रयोगों का प्रयोजन किया है। यह दोनों विज्ञापनदाताओं/एजेंसियों और प्रसारकों के लिए एकीकृत मंच प्रदान करके मुख्यधारा के टेलीविजन विज्ञापन के लिए पूरी प्रक्रिया को स्वचालित करता है जिससे वह एक दूसरें को खोज सकें और प्रसारण चैनलों को एक सरल व्यवस्थित और उत्तरदायी तरीके से निष्पादित कर सके।

अपनी नये तरीके की तकनीक और दूरगामी प्रभाव के साथ स्काईनेट ने भारत में अग्रणी प्रसारकों और मीडिया एजेंसियों में पहले ही व्यापक रुचि देखी है और कंपनी ने पहले ही चयनित ग्राहकों और भागीदारों के साथ पायलट पैमाने पर कार्य शुरू कर दिया है। जिससे इस क्षेत्र में पूर्ण पैमाने पर वाणिज्यकरण का मार्ग प्रशस्त हो सके।

कुल परियोजना लागत
4709.00 लाख रु.
टीडीबी द्वारा सहायता
980.00 लाख रु.

सिक्युर्ली शेयर फाईल सिक्युरिटी एंड वाल्ट का विकास और वाणिज्यकरण

मेसर्स सिक्युर्ली शेयर सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर

क्षेत्र: आईटी

18 सितंबर, 2018 को समझौते पर हस्ताक्षर किए गए

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने सिक्युर्ली शेयर फाईल सिक्युरिटी एंड वाल्ट नामक परियोजना के लिए मेसर्स सिक्युर्ली शेयर सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर के साथ ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

वर्तमान परियोजना के तहत, मेसर्स सिक्युर्ली शेयर सॉफ्टवेयर का उद्देश्य 'वॉल्ट डायरेक्ट' को बनाना है, जो निम्नलिखित लाभ प्रदान करने वाला एक व्यापक साधन है:

1. 'सोर्स वेरिफिकेशन' जो फिशिंग को खत्म करता है
2. उपयोगकर्ताओं की मौजूदा पहचान का उपयोग उद्यमों और उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधा लाता है।
3. एंड टू एंड एन्क्रिप्शन बिना किसी अनुचित खुलासे और लीक को सुनिश्चित करता है।
4. गोपनीयता नियंत्रण ताकि साझा की गई जानकारी को हमेशा ट्रैक और समाप्त किया जा सके।
5. इसके बेहतर उपयोग के लिए डेटा समझदारी से बनाना।

कुछ दशक पहले ईमेल, एसएनएस, चैट और क्लाउड स्टोरेज का आविष्कार किया गया था, जिसमें कोई सुरक्षा नहीं थी। इससे एक सभी के लिए संचार समस्याओं को हल किया गया ये सुविधा किसी के लिए भी ,खुली है और अंतर्निहित सुरक्षा जोखिमों के लिए अत्यधिक संवेदनशील हैं। इसमें किसी को भी जांच पड़ताल के बिना संदेश भेजने की अनुमति है। इन चैनलों के माध्यम से कार्य से सम्बंधित मेल, व्यक्तिगत संदेश संवेदनशील संदेश भेजे जाते हैं। हैकर्स स्पाइवेयर, मैलवेयर, स्पैम और फिशिंग जैसे वार को करने के लिए इन उपकरणों और चैनलों का उपयोग करते हैं। उपभोक्ताओं और एसएमई के हाथों में अभी भी फिशिंग हमलों और व्यापार ईमेल सम्बंधी 17 बिलियन अनसुलझी समस्या है। उपरोक्त समस्याओं को दूर करते हुए कंपनी निम्नलिखित महत्वपूर्ण सुझाव लाई है:

1) संचार के स्रोत की पुष्टि करके, उत्पाद सुनिश्चित करता है कि कोई भी नकली या हानिकारक संदेश प्राप्तकर्ताओं तक न पहुंचे।

2) इनबिल्ट गोपनीयता नियंत्रणों के साथ, यह सुनिश्चित किया जाता है कि प्राप्त डेटा या साझा में गोपनीयता नियंत्रण हैं जैसे कि उद्देश्य सीमा, समय सीमा, प्रकटीकरण सीमा, अनुपालन के अन्य लाभों के साथ–2 भूलने का अधिकार।

3) एन्क्रिप्शन शुरू से अंत तक किया जाए जिससे कोई भी अंजान व्यक्ति बीच में ना आ सके।

इस प्रकार, मेसर्स सिक्युर्ली शेयर, वॉल्ट डायरेक्ट के माध्यम से संवेदनशील जानकारी पहुंचाने, भंडारण, साझा करने के लिए व्यापक स्तर होने की उम्मीद रखता है।

कुल परियोजना लागत
1886.29 लाख रु.
टीडीबी से सहायता
750.00 लाख रु.

हाल्टडोस–स्वदेशी डी–डॉस प्रोटेक्शन सॉल्यूशन

मेसर्स एकेएस इन्फर्मेशन टेक्नॉलाजी सर्विसेज प्रा. लि. नोएडा

क्षेत्र: आईटी

19 सितंबर, 2018 को करार पर हस्ताक्षर किए गए

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने "हाल्टडोस–स्वदेशी डी–डॉस प्रोटेक्शन सॉल्यूशन" नामक परियोजना के लिए मेसर्स एकेएस इन्फर्मेशन टेक्नॉलाजी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा के साथ ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

वर्तमान परियोजना के तहत, मेसर्स एकेएस इन्फर्मेशन टेक्नॉलाजी सर्विसेज वाणिज्यिक पैमाने पर उत्पादन शुरू करने और अत्याधुनिक परीक्षण प्रयोगशाला बनाना चाहती है, कंपनी व्यापक आईटी सुरक्षा सेवाएं और समाधान प्रदान करती है। उन्होंने हाल्टोस इंटीग्रेटेड डीडोस मिटिगेशन और वेब एप्लीकेशन फायरवाल सॉल्यूशन का जिसका उपयोग वास्तविक दुनिया के उपक्रम पर्यावरण के जाँच तल प्रेरित करने की दृष्टि से कृत्रिम उच्च–मात्रा वाले आयागमन का निर्माण करने और उत्पादों के वैश्विक मूल्यांकन के लिए इस प्रयोगशाला का उपयोग किया जा सके। कंपनी व्यापक आईटी सुरक्षा सेवाएँ और समाधान प्रदान करती है। उन्होंने हाल्टोस इंटीग्रेटेड डीडोस मिटिगेशन और वेब एप्लीकेशन फायरवाल सॉल्यूशन का विकास और वाणिज्यकरण किया है। हाल्टडोस एक बुद्धिमान, ऑटो–लर्निंग साधन है जो किसी भी मानवीय हस्तक्षेप के बिना वास्तविक समय में साइबर हमलों का स्वचालित रूप से पता लगाने और प्रभावी ढंग से जवाब देने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करता है। यह उत्पाद आईटी सुरक्षा को सरल करता है और आपकी वेबसाइटों/डेटा सेंटर 24X7X365 की उच्च उपलब्धता को सक्षम करता है।

बीएफएसआई क्षेत्र, आईटी क्षेत्र और सरकार के बडे संगठनों में इस साधन को विकसित किया गया है। समेकित डीडॉस हमला सुरक्षा और अनुप्रयोग सुरक्षा क्षमता, संगठन की आवश्यकताओं के रूप में 100% कस्टमाइजेबिलिटी के साथ स्वामित्व, आसान सेटअप और प्रबंधन की कुल लागत को कम करता है। इसका उपयोग बडे उद्यम के लिए ऑन–प्रिमाइस हार्डवेयर उपकरण और हार्डवेयर के रूप में छोटे और माध्यम संगठनों के लिए सेवा के रूप में अनुनेय लाइसेंसिंग मॉडल में उपलब्ध है। यह उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सामान्य मापदंड ईएएल2+ प्रमाणन और स्वतंत्र रूप से टैस्ट किया गया है।

कुल परियोजना लागत
1451.90 लाख रु
टीडीबी से सहायता
600.00 लाख रु

हाइब्रिड थर्मल सिस्टम का विकास और वाणिज्यीकरण

मेसर्स परफेक्ट इंफ्राइंजीनियर लिमिटेड, मुंबई

क्षेत्र: इंजीनियरिंग

20 सितंबर, 2018 को करार पर हस्ताक्षर किए गए

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने "हाइब्रिड थर्मल सिस्टम के विकास और वाणिज्यीकरण" नामक परियोजना के लिए मेसर्स परफेक्ट इंफ्राइंजीनियर लिमिटेड, मुंबई के साथ ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस परियोजना के तहत, मेसर्स परफेक्ट इंफ्राइंजीनियर्स का लक्ष्य अपने हाइब्रिड थर्मल सिस्टम का वाणिज्यीकरण करना है। कंपनी ने पैराबोलिक सौर तापीय पैनल प्रणाली के लिए मेसर्स सनट्रैक यूएसए की तकनीक को अपनाया है और इसे एचवीएसी सिस्टम के साथ समेकित किया है। कंपनी ने उचित तापमान सेंसर और नियंत्रण के साथ वीएफडी सिस्टम के स्थान पर भारतीय वीआरवी सिस्टम को शामिल करके प्रौद्योगिकी के स्वदेशीकरण के लिए और प्रयास किए हैं। पेटेंट कंप्यूटर नियंत्रित पैराबोलिक कॉन्सनट्रेटर उसी आकार के किसी भी अन्य पैनल की तुलना में अधिक ऊर्जा पैदा करता है।

इस तकनीक ने सौर तापीय पैनल के गिरावट और स्थिरता जैसे दो प्रमुख समस्याओं को हल किया है। मौजूदा सौर तापीय पैनल किसी कार्यशील द्रव या गैस को डालने पर भी ताप की मात्रा को नियंत्रित नहीं कर सकते हैं। जब सिस्टम उपयोग में नहीं होता है, तो यह अत्याधिक ताप उत्पन्न कर सकता है जो एक खाली ट्यूब पैनल के कोटिंग्स को भी नुकसान पहुंचाता है। जब एचवीएसी उपकरण के साथ समेकित किया जाता है, तो इससे रेफ्रिजरेंट को गंभीर नुकसान हो सकता है जो कंप्रेसर के विफल होने का कारण हो सकता है। परफेक्ट इंफ्रा ने फ्री–इंस्टॉल स्मार्ट कंट्रोल के साथ सोलर कलेक्टर बनाए है जो सीधे इंस्टाल किए जा सकते है। जिससे स्मार्ट पैनल द्वारा सौर तापीय पैनल द्वारा उत्पन्न होने वाले ताप को नियंत्रित किया जा सकता है। पेटेंट पैनल डिजाइन राईटटेम्प टीएम तकनीक का उपयोग करता है जो पैनल से बाहर निकलते ही तरल या गैस के तापमान को नियंत्रित करता है। ये नवप्रर्वतनशील उत्पाद 10 एचपी मशीन के लिए 4'*8' पैनल के साथ 40% ऊर्जा की बचत प्रदान करता है।

कुल परियोजना लागत
1506.00 लाख रु

टीडीबी से सहायता
750.00 लाख रु

एनकैप्स्यूलेटेड मल्टी न्यूट्रिएंट ग्रेनुलेशन/ पैलेटाइजेशन का वाणिज्यिक उत्पादन

मेसर्स बायोजेन फर्टिलाइजर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सेलम

क्षेत्र: कृषि

15 मार्च, 2019 को समझौते पर हस्ताक्षर किए गए

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने जैव एनपीके (तरल), जैव नियंत्रण रोगाणुओं, ह्यूमिक, वैम, एंजाइम, इम्युनोमोड्यूलेटर और ट्रेस तत्वों (जस्ता, बोरान, मोलिब्डेनम, मैंगनीज और लोहे) के साथ जैविक खाद के एनकैप्स्यूलेटेड मल्टी न्यूट्रिएंट ग्रेनुलेशन/पैलेटाइजेशन का वाणिज्यिक उत्पादन नामक परियोजना के लिए मेसर्स बायोजेन फर्टिलाइजर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सेलम (तमिलनाडु) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

वर्तमान परियोजना के तहत, कंपनी का लक्ष्य जैव एनपीके के साथ एक एनकैप्सुलेटेड बहु–पोषक जैविक खाद का वाणिज्यकरण करना और उसका व्यवसाय करना है, जिसे दो तकनीकों का उपयोग करके विकसित किया गया है: (क) तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) द्वारा विकसित जैविक खाद पेराईजिंग/ दानेदार बनाना, कोयंबटूर, भारत; (ख) नेशनल सेंटर फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग (एनसीओएफ), गजियाबाद द्वारा विकसित तरल एनपीके प्रौद्योगिकी का एनकैप्सुलेशन। पेलेटिंग/ ग्रेनुलेशन प्रौद्योगिकी के प्राथमिक स्तर का प्रमाणीकरण टीएनएयू द्वारा किया गया है और कंपनी का विचार इसे भारतीय किसानों के लाभ के लिए व्यावसायिक स्तर तक बढ़ाना है। एनसीओएफ से प्राप्त मिश्रित जैव उर्वरक (बायो एनपीके) तकनीक, एनपीके जैव उर्वरक जीवों के सह संवर्धन में मदद करती है और इस जैव संघटन का उपयोग जैविक कणिकाओं को समृद्ध/एन कैप्सुलेड के लिए किया जाएगा।

इस परियोजना में जैविक खाद और बायोमोलेक्यूल्स (जैव–उर्वरक/जैव–कीटनाशक, प्रोबायोटिक रोगाणु/एंजाइम/ प्रतिरक्षा मॉड्यूलेटर आदि) की गुणवत्ता को संयोजित करना तथा कणिकायन प्रक्रिया द्वारा और आवरण के माध्यम से संयोजित करने का विचार है ताकि अतिक्रमित जैव कणिकाओं को एक जैव उत्पाद "जिसमें जैविक खाद, जैव–उर्वरक, जैव–कीटनाशक, हास्य, इम्यून, मॉड्यूलेटर और ट्रेस तत्व मिल सके। प्रस्तावित उत्पाद फसलों को खराब होने से बचाता है और नेमाटोड प्रतिरोध के अलावा प्रमुख और सूक्ष्म पोषक तत्वों की आपूर्ति करता है।

कुल परियोजना लागत
1027.00 रू लाख
टीडीबी से सहायता
460.00 रू लाख

फलों और सब्जियों के लिए ग्रेडिंग और छँटाई की मशीन

मेसर्स सिकल इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद

क्षेत्र : कृषि

26 मार्च, 2019 को समझौते पर हस्ताक्षर किए गए

परियोजना का उद्देश्य

टीडीबी ने 'ग्रेडिंग और सॉर्टिंग मशीन फॉर फ्रूट्स' नामक परियोजना के लिए मेसर्स सिकल इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद के साथ ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस प्रस्ताव के तहत, कंपनी ने फलों के उत्पादन के लिए इमेज प्रोसेसिंग–आधारित ग्रेडिंग मशीनों को लगाने का विचार किया, जिसमें विशेषकर सेब की फसल के लिए। किसानों की आवश्यकताओं के आधार पर ग्रेडर विकसित किया जाता है और इस प्रकार सेब उत्पादकों के लिए रंग की छँटाई की एक बड़ी समस्या हल हो जाती है।

फलों और सब्जियों की कटाई के बाद, पहली और सबसे महत्वपूर्ण कार्य उनकी कटाई के बाद का उनकी गुणवत्ता के आधार पर ग्रेडिंग है। भारत मे, यह प्रक्रिया पूरी तरह से हस्तचलित है और मानवीय त्रुटियों से ग्रस्त है। बिना सही से देखे हुए सड़े हुए/खराब फल शीत भंडारण में जाते हैं और जिससे यह सही फलों को भी खराब कर देते है। यह अनुमान है कि भारत में उत्पादित कुल फलों का 40–50% खराब हो जाते है। इसके अलावा श्रेणीकृत वस्तुएं उसी वस्तु से 20–30% प्रतिशत अतिरिक्त मूल्य प्राप्त करते है। बाजार में उपलब्ध स्वचालित साधन यूरोपीय देशों से आयात किए जाते हैं और बड़े पैमाने पर (2–10 टन प्रति घंटे) क्षमता के लिए डिजाइन किए जाते है। इस वजह से भारतीय उत्पादकों के लिए यह बहुत मंहगे और गैर–किफायती है।

मेसर्स सिकल इनोवेशन डिजाइन हस्तक्षेप के माध्यम से पारंपरिक कृषि प्रथाओं में सुधार पर मुख्य ध्यान देने के साथ कृषि समाधान प्रदान करने के लिए केंद्रित है। प्रस्तावित उत्पाद इमेज प्रोसेसिंग–आधारित ग्रेडिंग और सॉर्टिंग मशीन है जो विभिन्न फलों जैसे सेब, संतरे, कीवी, सब्जियां आदि को उनके रंग और आकार के आधार पर विभिन्न श्रेणी में वर्गीकृत कर सकती है और मशीन पूरी तरह से स्वचालित होगी । इस प्रकार, यह उत्पाद भारतीय किसानों और मशीन पूरी तरह से स्वचालित होगी। इस प्रकार, यह उत्पाद भारतीय किसानों और उनकी आवश्यकताओं के लिए बनाया गया है।

कुल परियोजना लागत
117.78 रू लाख
टीडीबी से सहायता
41.89 रू लाख

जारी किए गए उत्पाद/पूरी की गई परियोजनाएं

ग्रामीण सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए एक किफायती कनेक्टेड हेमोडायलिसिस मशीन का विकास

मेसर्स रेनालेक्स हेल्थ सिस्टम्स प्रा. लि. बेंगलुरू

मेसर्स रेनालेक्स स्पोर्टहेल्थ सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरू ने टीडीबी की वित्तीय सहायता से भारत की पहली स्मार्ट हेमोडायलिसिस मशीन 'रेनालाईफ' विकसित की है। यह मशीन आईओटी के माध्यम से रिमोट नियंत्रण के साथ डायलिसिस करती है। यह मरीजों के ईएमआर देखने के लिए चिकित्सक को सक्षम बनाता है यह कभी भी कहीं से भी समय पर पुनरीक्षण और आपातकालीन हैंडलिंग के लिए हर स्तर पर जानकारी प्रदान करती है। सक्रिय समर्थन प्रणाली रोगी के महत्वपूर्ण अंगों पर थ्रेसहोल्ड और अलार्म स्थापित करने और उपयोग मशीन के रखरखाव में मदद करती है साथ ही इस मशीन में सुरक्षात्मक और भविष्यसूचक प्रबंधन जैसी विशेषताएं है जो बेहतर करने के लिए मशीन के उपरिकाल को सुनिश्चित करता है। इन महंगे संसाधन प्रबंधन विशेषताओं के अलावा, इसमें स्मार्ट पावर प्रबंधन है ताकि मशीन वैकल्पिक विद्युत और आरओ जल प्रबंधन तकनीक पर काम कर सके। जिससे ग्रामीण और अर्ध बाहरी अस्पतालों में जहाँ कम संसाधन है इसको ध्यान में रखते हुए इस मशीन को इस प्रकार डिजाइन किया गया है। जहाँ अभी तक डायलिसिस नहीं हुआ। उपरोक्त सभी विशेषताओं को हम घर पर डायलिसिस के लिए उपयोग कर सकते हैं। इसकी यही विशेषता इस तकनीक को बहुत विशेष और उपयोगी बनाती है।

इस परियोजना के कुल निर्धारित मूल्य 1199.12 लाख रू. किया गया था और टीडीबी ने 400.00 लाख रू. की स्वीकृति दी। मेसर्स रेनालेक्स ने इस परियोजना को पूरा किया और फरवरी 2019 से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया।

औद्योगिक रोबोटों का डिजाइन, विकास और विनिर्माण

मेसर्स सिस्टमैटिक्स इंडिया प्रा0 लि0, बेंगलुरु

मेसर्स सिस्टमैटिक्स इंडिया प्रा. लिमिटेड, बेंगलुरू ने औद्योगिक रोबोट विकसित किए हैं, दोनों को स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है, जिसका उद्देश्य कठिन या जोखिम भरा कार्य करने के लिए व्यापक स्तर पर उद्योग में लचीले स्वचालन को व्यापक रूप से अपनाना है ताकि मानव शक्ति लंबे समय तक कार्य करने के लिए इस्तेमाल न की जाए।

कंपनी द्वारा अपने डिजाइन का वाणिज्यकरण करने के लिए जिसमें परीक्षण और माप उपकरण की खरीद, एक संयोजन तल की स्थापना, बौद्धिक संपदा विकसित करना और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के लिए एक बुनियादी ढांचा स्थापित करने के लिए टीडीबी ने ऋण के रूप में सहायता प्रदान की है। कंपनी के कुछ बौद्धिक संपदा को दुनिया के प्रमुख देशों में पेटेंट दिया गया है, जिससे कंपनी को महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिला है। टीडीबी के समर्थन के साथ, कंपनी ने दो उत्पादों का उत्पादन किया है अर्थात एएसवाईएसटीआर 400, समानांतर तंत्र के साथ एक 4 अक्ष रोबोट; और एएसवाईएसटीआर 600, एक 6 अक्ष सीरियल आर्म कंपनी द्वारा 6 हाइब्रिड रोबोटिक आर्म का एक प्रोटोटाइप भी पेटेंट हाइब्रिड–सीरियल लिंकेज एएसवाईएसटीआर 602 के आधार पर तैयार किया गया है। उत्पाद अब प्रदर्शित किया जा सकता है और ग्राहकों को देने के लिए तथा वाणिज्यीकरण के लिए तैयार है।

परियोजना के कुल निवेशक निर्धारित रू 820 लाख और टीडीबी ने कुल मिलाकर आवधिक ऋण 410 लाख रू. की मंजूरी दी थी। मेसर्स सिस्टमैटिक्स ने परियोजना को पूरा कर लिया है और अक्टूबर, 2018 से वाणिज्यिक संचालन शुरू कर दिया है। अक्टूबर 2019 में ऋण की अदायगी भी शुरू हो गई है।

हाई स्पीड सीरियल लिंक उत्पादों का वाणिज्यीकरण

मेसर्स टर्मिनस सर्किट्स प्रा. लि., बैंगलुरु

मेसर्स टर्मिनस सर्किट्स प्रा. लि. (टीसीपीएल), बैंगलुरु ने हाई स्पीड सीरियल लिंक उत्पादों के वाणिज्यीकरण की परिकल्पना करने वाली एक परियोजना शुरू की, जो 5 जी उपयोगकर्ता अनुप्रयोगों में लागू एक्सा–स्केल कंप्यूटिंग के निर्माण के लिए आधारशिला ब्लॉक हैं। कंपनी द्वारा विकसित विभिन्न प्रमुख उत्पाद, उनके अनुप्रयोगों के साथ, निम्नानुसार हैं:

आईपी / उत्पाद	अनुप्रयोगों
• पीसीआईई जेन 4.0	✓ एचपीसी (उच्च प्रदर्शन कम्प्यूटिंग)
• यूएसबी 3.2 जेन 2X2	✓ एनओसी (नेटवर्क ऑन चिप)
• मल्टी स्टैंडर्ड 16 जीबीपीएस सर्डेस	✓ एसएसडी (सोलिड स्टेट ड्राइव्स)
• एमआईपीआइ एमपीएचवाई गेयर 4	✓ 5जी उपयोगकर्ता अनुप्रयोग
• पीसीआइई जेन 4 रेटिमर	✓ डेटा और पावर डिलीवरी उत्पादों
	✓ डिफेंस और एयरोस्पेस अनुप्रयोग

ये सभी नये उत्पाद मानक निकाय जैसे पीसीआईई–एसआईजी, यूएसबी.ओआरजी, एमआईपीआई अलायंस, आईईई.ओआरजी और अन्य उभरते मानकों से नवीनतम विनिर्देशों को पूरा करते हैं। ये ट्रांससीवर पीएचवाई आज के एचपीसी (हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग) सिस्टम का एक अभिन्न हिस्सा है, जो इंटरकनेक्ट सॉल्यूशंस प्रदान करते हैं बैंडविड्थ को स्केल करते हैं और अगली पीढ़ी के प्लेटफार्मों में एंड–टू–एंड सिग्नल अखंडता प्रदान करते हैं। ये मजबूत इंटरफेस आईपी विभिन्न सीमाओं और प्रक्रिया प्रौद्योगिकियों के व्यापक स्पेक्ट्रम के लिए उपलब्ध हैं। टर्मिनस सर्किट अपने उत्पादों के साथ एकीकृत क्लॉकिंग के साथ कम शक्ति, छोटे फॉर्म फैक्टर कम विलंबता और उच्च थ्रूपुट इंटरकनेक्ट आईपी की आपूर्ति करता है।

टीडीबी से वित्तीय सहायता के साथ, कंपनी ने टेप–आउट और पोस्ट सिलिकॉन लक्षण वर्णन के माध्यम से आईपी डिजाइनों को लिया है जो उन्हें दुनिया भर में ग्राहकों तक पहुंचने में सक्षम बनाता है जिसके परिणामस्वरूप लाभप्रद की स्थिति होती है। कंपनी ने अपने फ्लैगशिप उत्पादों के 5 जी अनुप्रयोगों के लिए टियर–1 जापानी ग्राहक के लिए उपयोगी रूप से व्यावसायिक रूप से वाणिज्यीकरण कर लिया है और ब्रिटेन स्थित ग्राहक को एक उत्पाद का लाइसेंस भी दिया है जो उन्हें वित्तीय और प्रतिभूति बाजारों के लिए सबसे कम विलंबता वाले सिस्टम का निर्माण करने में सक्षम करेगा।

परियोजना पर कुल निवेश 2078 लाख रुपये का अनुमान लगाया गया था। जिनमें से टीडीबी ने रू 970 लाख की मंजूरी दी। मेसर्स टर्मिनस सर्किट ने परियोजना को पूरा कर लिया है और अक्टूबर, 2018 में वाणिज्यक परिचालन शुरू कर दिया है।

मधुमेह की जाँच के लिए नए उन्नत प्वाइंट–आफ–केयर नैदानिक परीक्षणों का निर्माण और वाणिज्यीकरण

मेसर्स डायबिटीमिक्स मेडिकल प्रा. लि., हैदराबाद

मेसर्स डायबिटीमिक्स मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड (डीएमपीएल), हैदराबाद ने टाइप–2 डायबिटीज़, टाइप–1 डायबिटीज और जेस्टेशनल डायबिटीज़ का पता लगाने और उसकी जाँच के लिए सिंगल पॉइंट ऑफ–केयर मल्टीपल डायग्नोस्टिक टेस्ट के विकास और वाणिज्यीकरण की परिकल्पना की है। इस परियोजना के तहत, डीएमपीएल ने तीन नवीन उत्पाद विकसित किए हैं: ग्लूसेमा, इंसुडेक्स और लुमेला। मधुमेह की जाँच के लिए, ग्लूसेमा पहला और एकमात्र प्वाइंट ऑफ–केयर सलाइवा परीक्षण है, इंसुडेक्स' टाइप–1 डायबिटीज और लाडा (वयस्कों में अव्यक्त स्व–प्रतिरक्षित मधुमेह) की प्रारंभिक पहचान के लिए पहला और एकमात्र प्वाइंट–ऑफ केयर परीक्षण है जबकि 'लुमेला' प्रीक्लेम्पसिया और गर्भावधि मधुमेह की शुरूआत में पता लगाने के लिए पहला और एकमात्र प्वाइंट ऑफ–केयर परीक्षण है।

टीडीबी की वित्त पोषण सहायता से कंपनी ने कर्मचारियों की भर्ती की, तीन एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया, जीएमपी और आईएसओ 13485 मानकों के अनुपालन में कारखाने निर्माण सामग्री प्रापण पराक्रमण रेखा का संस्थापन और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने हेतु 220 किलोवाट डीजी और कच्ची सामग्रियों को नष्ट होने से बचाने के लिए शीत प्रकोष्ठ भंडारण, विनियमक मानंदडो के अनुसार ऍपाक्सी कोटिंग फ्लोरिंग का निर्माण प्रक्रियागत जाँच और निर्मित उत्पाद जाँच के लिए अपेक्षित गुणवत्ता नियंत्रण एवं गुणवत्ता सुनिश्चियन तंत्र की स्थापना जैसी अवसंरथनात्मक सुविधाएं सृजित की।

परियोजना के लिए कुल निवेश 2987.37 लाख रू का अनुमान लगाया गया था और टीडीबी ने कुल प्रोजेक्ट लागत के लिए 500.00 लाख रू की आबधिक ऋण आधारित वित्तीय सहायता की मंजूरी दी थी। परियोजना लागत के खिलाफ डीएमपीएल ने परियोजना को पूरा किया और जनवरी 2019 से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया।

सिनर्टड कारबाईड मिश्र धातुओं के विकास और वाणिज्यीकरण

मेसर्स आईएमसीओ ऐलॉइ प्रा. लि. मुंबई

मेसर्स आईएमसीओ एलॉयज प्रा. लि., मुम्बई चीनी, सीमेंट, एयरोस्पेस, खनन और निर्माण, ऑटोमोबाइल, रेलवे, उर्वरक पेट्रोकैमिकल्स आदि जैसे उद्योगों में सामना कर रहे घिसाई संबंधी समस्याओं से संबंधित विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोगों के लिए प्रतिस्थापनीय कार्बाइड साधनों का विनिर्माता है। उन्होने क्षय रोधी कार्योन्मुख मिश्र धातु के विनिर्माण के लिए प्रक्रिया विकसित की है। ये आवश्यक प्राथमिक और माध्यमिक कार्बाइड को प्राप्त करने के लिए एक नियंत्रित शीतलन के माध्यम से धातु के बैक–अप प्लेट से बंधे वैक्यूम प्रसार के संपर्क में आते हैं, जो विभिन्न उद्योगों के अधीन होने वाले घर्षण, क्षरण और गर्मी से निपटाने के लिए उत्कृष्ट क्षय रोधी गुण प्रदान करते हैं। यह समय के सापेक्ष क्षति के संदर्भ में कई मिलियन डॉलर की बचत करता है। ये प्रतिस्थापनीय ब्लॉक आसानी से वेल्ड करने योग्य और प्रतिस्थापनीय हैं पारंपरिक हाई फोरिटंग और कास्टिंग प्रक्रिया से बने हुए की तुलना में बेहतर क्षय श्रम और संबंधित जीवन काल वाला है।

टीडीबी द्वारा वित्त पोषित परियोजना के तहत, निम्नलिखित उत्पादों का निर्माण किया गया है:

1. पावर, शुगर, सीमेंट और माइनिंग जैसे विभिन्न उद्योगों में इस्तेमाल किए जाने वाले क्रशिंग ब्लॉक पर जुपर मेटल मैट्रिक्स सिरेमिक एम्बेडेड है।

2. बाएमेटेलिक सिरेमिक एम्बेडेड कास्टिंग हैमर
3. धातु मैट्रिक्स एम्बेडेड सिरेमिक लाइनर्स
4. सभी प्रकार की बकेट सुरक्षा किट के लिए जुपर बटन और चोको बार

इसके अलावा, टीडीबी साइट के निर्माण, संयंत्र बुनियादी ढांचे और जर्मनी से वैक्यूम भट्टी के आयात के लिए भी समर्थन किया था जो धातु मैट्रिक्स सिरेमिक तकनीक पर उनके पेटेंट प्रौद्योगिकी के वाणिज्यीकरण के लिए महत्वपूर्ण था। कंपनी ने नवीनतम तकनीक से युक्त भट्टी पूरी तरह से स्थापित और संचालित हो चुकी है, और अब तक यह 252 बार संचालित हो चुकी है।

परियोजना पर कुल 367 लाख रू का अनुमान लगाया गया था और टीडीबी ने 183.5 लाख रू की आवधिक ऋण आधारित वित्तीय सहायता की मंजूरी दी थी। मैसर्स आईएमसीओ एलॉइ ने परियोजना को पूरा कर लिया है और जनवरी, 2019 से इसका वाणिज्यिक संचालन शुरू कर दिया है।

प्रोत्साहक क्रियाकलाप

प्रौद्योगिकी दिवस और राष्ट्रीय पुरस्कार 2018 (11 मई, 2018)

प्रौद्योगिकी दिवस 2018 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में दिनांक 11 मई, 2018 को "स्वदेशी प्रौद्योगिकी को वाणिज्यीकृत करना, प्रयोगशाला से व्यवसाय कार्यक्रम तक यात्रा" विषय के अंतर्गत मनाया गया। भारत के माननीय राष्ट्रपति, श्री रामनाथ कोविंद ने माननीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्री, डॉ. हर्षवर्धन जिन्होंने इस समारोह की अध्यक्षता की, के साथ समारोह की शोभा बढ़ाई।

भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद

ने अपने अभिभाषण में प्रौद्योगिकी दिवस मनाए जाने की पृष्ठभूमि का उल्लेख किया तथा यह कहकर कि "दो दशक पहले इसी दिन को पोखरण में नाभिकीय परीक्षण किया गया था और संवेदनशील ज्ञान का उपयोग करने में सक्षम नाभिकीय अस्त्र धारक के साथ–साथ परिपक्व एवं जिम्मेदार प्रौद्योगिकी शक्ति वाले देश के रूप में भारत की क्षमता प्रदर्शित की गई थी", डा. ए.पी.जे अब्दुल कलाम और श्री अटल बिहारी बाजपेयी के प्रयत्नों की सराहना की। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और यह कहकर कि "आज हम अपने उत्तम वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तकों की उपलब्धियों और प्रौद्योगिकी को प्रयोज्य, वाणिज्यिक उत्पादों एवं प्रक्रमणों, जो लोगों के जीवन में बदलाव लाते हैं, में परिणत करने में उनकी सफलता का उत्सव मनाते हैं" उनकी उपलब्धियों की सराहना की। पुरस्कृत नवप्रवर्तक प्रौद्योगिकियों को सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा कि उन नई प्रौद्योगिकियों की सामान्यतः तीन विशेषताएं हैं। पहली वे ऐसा समाधान प्रस्तुत करते हैं जो भारतीय परिप्रेक्ष्य में आवश्यक हैं और हमारे देश के लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक आवश्यकताओं में योगदान करते हैं। दूसरी वे इन सभी चीजों को प्रतिस्पर्द्धी मूल्य स्तर पर प्राप्त करते हैं। तीसरी–मेरे विचार से यह अत्यंत महत्वपूर्ण है, वे गुणवत्ता से समझौता नहीं करते हैं"। हमारे नवप्रवर्तन एवं प्रौद्योगिकी में अपेक्षित गुणवत्ता पर जोर डालते हुए उन्होंने कहा कि एक समय था जब हम छोटे, बड़े परिवर्तन अथवा अनिवार्यतः कट एंड पेस्ट अप्रोच प्रौद्योगिकी वाले जुगाड़ के साथ सस्ते एवं किफायती नवप्रवर्तन से संशय में पड़ जाते थे। एक समाज के रूप में हमें अपनी सोच में सुधार लाना है और लाने का प्रयास जारी रखना है। आज के पुरस्कार विजेता इस बात के उदाहरण हैं कि हम जोखिम लेने की क्षमता एवं विद्वता से साहस के साथ कैसे आगे बढ़ रहे हैं, हम कल्पना एवं नवप्रवर्तन का सही कदम कैसे उठा रहे हैं। वस्तुओं एवं प्रक्रमणों के अतिरिक्त यह हमारी प्रौद्योगिकी उद्भवकों में एक नई ऊर्जा है जो उत्साहवर्द्ध क है। उन्होंने रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमता, बृहत् आँकड़ा विश्लेषण, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, प्रमात्रा संगणन के क्षेत्रों में 21 वीं शताब्दी की चुनौतियों को स्वीकार किया और इसकी तैयारी की दिशा में अन्य बातों के साथ–साथ मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत जैसी सरकारी योजनाओं का उल्लेख किया। अन्त में उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में लैंगिक समानता की आवश्यकता पर जोर दिया तथा कहा कि लैंगिक समानता को प्रौद्योगिकी निर्माण एवं प्रौद्योगिकी साझेदारी के साथ समेकित किया जाना चाहिए। हमें प्रौद्योगिकी एवं नवप्रवर्तन क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए अपने देश में बड़ी संख्या में बच्चियों एवं युवतियों की आवश्यकता है। ये जो

यहाँ पहले से ही कार्य कर रही है उल्लेखनीय कार्य कर रही है लेकिन उनकी संख्या में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता है। साथ ही, उनमें सुधार लाए जाने की आवश्यकता है।

माननीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्री, डा. हर्षवर्धन

ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी एवं उनकी उपलब्धियों की सराहना की। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की भूमिका पर जोर डालते हुए उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय आधारभूत अनुसंधान से लेकर प्रौद्योगिकी विकास एवं प्रदर्शन, बौद्धिक संपदा सृजन, नवप्रवर्तन एवं स्टार्ट अप से हमारे उद्योग को सशक्त बनाने तक की संपूर्ण विज्ञान मूल्य श्रृंखला को समावेशित करता है। हम

स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, जल, पर्यावरण, हरित ऊर्जा, विनिर्माण, अपशिष्ट प्रसंस्करण, डिजिटल इंडिया आदि में राष्ट्रीय मिशनों एवं प्राथमिकताओं के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। हमारी सहायता से विज्ञान में खोजों का विकास एवं सुदृढ़ीकरण और प्रति वर्ष सैंकड़ों परिवर्तनशील प्रौद्योगिकियों के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने यह कहकर कि "वैज्ञानिक समुदाय को अनुसंधान एवं विकास से विकासोन्मुख अनुसंधान की ओर आर एंड डी को पुनर्विन्यस्त करना चाहिए" विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी के विजन का उल्लेख किया। भारत की क्षमता को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि "आज भारत के पास अर्थव्यवस्था के अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संस्थागत क्षमता, कार्यनीतिक विजन, प्रौद्योगिकीय साधन और मानव संसाधन है। अब हम इन प्रबलताओं पर ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं ताकि नवप्रवर्तन हमारे राष्ट्रीय विकास का इंजन एवं प्रौद्योगिकी वाहक बन सके"।

प्रो. आशुतोष शर्मा, सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

ने मुख्य अतिथि एवं अन्य सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया। अपने भाषण में "स्वदेशी प्रौद्योगिकी को वाणिज्यिकृत करना" शीर्षक विषय वाले इस वर्ष के विषय का उल्लेख किया। उन्होंने यह कह कर युवा उद्यमियों के प्रयासों एवं उपलब्धियों की प्रशंसा की कि "हमारे युवा उद्यमियों में आशावाद का उभार है"। उनके साहस और ऊर्जा के लिए मेरा अभिनंदन। यहाँ अपने ज्ञान का देश के विकास, संपदा एवं सामाजिक हित में परिणत करने वाले कुछ प्रतिभावान व्यक्ति हैं। प्रत्येक क्षेत्र में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने

कहा कि "स्टार्ट अप इंडिया" और मेक इन इंडिया जैसे कई राष्ट्रीय मिशन हमारे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को उद्‌मिता में अंतरित करने का अप्रत्याशित अवसर उपलब्ध कराते हैं। सभी कृत्रिम बुद्धिमता के लिए ग्रामीण, सूक्ष्म औद्‌योगिक विनिर्माण, कृषि, जल, स्वास्थ्य देखभाल, ऊर्जा, पर्यावरण, शिक्षा, डिजिटल सशक्तीकरण, किफायती, आवास, अवसंरचना में असाधारण प्रौद्योगिकीय चुनौतियां और अवसर हैं। बुनियादी आर एंड डी से प्रौद्‌योगिकी अंतरण से स्टार्टअप से उद्‌मिता तक विशिष्ट नवप्रवर्तन पारितंत्र अपनी गहरी जड़ें जमा रहा है। आज ये पुरस्कार समाज, नागरिक और देश को सशक्त बनाने के लिए स्वदेशी प्रौद्‌योगिकी एवं प्रौद्‌योगिक उत्पादों की कुछ प्रेरक कहानियां हैं।

डा. रेणु स्वरूप, सचिव, जैव प्रौद्योगिकी विभाग

ने सभी सम्मानित अतिथियों का उनकी भागीदारी के लिए यह कहकर धन्यवाद दिया कि हम देश में विज्ञान, प्रौद्‌योगिकी एवं नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने वाली उच्चस्तरीय संबद्धता एवं प्रतिबद्धता वाले एक राष्ट्र के रूप में कितने भाग्यवान हैं। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रवर्तित 'स्टार्ट अप इंडिया', 'स्टेण्ड अप इंडिया' 'स्किल इन इंडिया', मेक इन इंडिया मिशनों से क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है, जिसका प्रभाव आज स्पष्ट रूप से परिलक्षणीय है। आज भारत को प्रगतिशील स्टार्ट अप राष्ट्र एवं सक्रिय अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए मनपसंद साझेदार के रूप में माना जाता है। उन्होंने यह कहकर नवप्रवर्तन पारितंत्र के पोषण एवं सृजन की इस यात्रा की सराहना की कि "विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, डीएसटी, डीबीटी, डीएसआईआर और सीएसआईआर अपने संगठन टीडीबी, बीआईआरएसी और एनआरडीसी के माध्यम से स्टार्ट अप नवप्रवर्तन पारितंत्र के प्रेरक एवं संचालक का सृजन किया है। आज हमारे पास स्टार्ट अप उद्‌मियों, उद्‌भवकों, विद्‌यार्थियों एवं महत्वपूर्ण एवं संवर्द्धित उद्‌योग शिक्षा जगत सहयोग का बड़ा संग्रह है। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और बताया कि "यह यात्रा अभी शुरू हुई है, हमारे पास वैश्विक अग्रणी बनने की प्रबलता, क्षमता एवं सक्षमता है। हम आशा करते हैं कि हमारे नवप्रवर्तकों का साहस और उत्साह ईंधन का कार्य करेगा, सुविकसित प्रगतिशील पारितंत्र इंजन का कार्य करेगा और सरकार की समर्थकारी नीतियां संचालक का कार्य करेंगी, हम आज वैश्विक प्रौद्‌योगिकी नवप्रवर्तन केन्द्र बनने की ओर अग्रसर हैं"

(क) स्वदेशी प्रौद्योगिकी के सफल वाणिज्यीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2018

भारत के माननीय राष्ट्रपति ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी के सफल वाणिज्यीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक ट्रॉफी और 25.00 लाख रूपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार निम्नलिखित को दिए गए:

(1) **मेसर्स अगप्पे डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड**, अर्नाकुलम, केरल को प्रकाशमिति एवं नेफेलोमीटरी तकनीक और प्रतिदर्श एवं अन्वेषण की आवश्यकता पर आधारित "यूनिक चेनल शिफ्टिंग" के संयोजन के लिए पुरस्कृत एमआईएसपीए–आई3, जो स्वचालित गोली आधारित विशिष्ट प्रोटीन विश्लेषक है, के स्वदेशी विकास एवं वाणिज्यीकरण के लिए।

एमआईएसपीए आई3 अधिक कीमत वाले बड़े तंत्र के रूप में बहुराष्ट्रीय कंपनियों से उपलब्ध स्वचालित मंच की तुलना में एक छोटा किफायती उपकरण है। यह मधुमेह, हृदय रक्त वाहिनी संबद्ध विकृति, प्रज्ज्वलन एवं गुर्दा रोग जैसे विभिन्न प्रकार के रोगों के नैदानिक प्रशमन में आरंभिक निदान एवं समयबद्ध उपचार के जरिए सहायक है।

मेसर्स अगप्पे डायग्नोस्टिक लिमिटेड अर्नाकुलम, केरल को राष्ट्रीय पुरस्कार

(2) **मेसर्स भारत बायोटेक इन्टरनेशनल लिमिटेड; हैदराबाद** को रोटावेक (आर) के स्वदेशी विकास एवं वाणिज्यीकरण के लिए।

रोटावेक(आर) रोटावेक टीका (जीवंत संवर्द्धित, मुख) जो मेसर्स भारत बायोटेक इन्टरनेशनल लिमिटेड द्वारा विकसित एवं विनिर्मित है, बच्चों के लिए स्वदेशी रूप से विकसित टीका है, भारत में अनुज्ञा प्राप्त है और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पूर्व अर्हता प्राप्त है। विश्व स्तर पर रोटावायरस गंभीर गेस्ट्रोइनटेरीटिस का अग्रणी कारण और 5 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों की प्रति वर्ष लगभग 215000 मौत के लिए जिम्मेदार है। अधिकांश मौतें विकासशील देशों में होती है और उन अधिकांश मौतों में लगभग आधी मौतें भारत में होती है।

मेसर्स भारत बायोटेक इंटर नैशनल लिमिटेड, हैदराबाद को राष्ट्रीय पुरस्कार

रोटावायरस (आर) जिसमें विलगित, विनिर्मित एवं भारत में परीक्षित रोटावायरस की विकृति होती है, वर्ष 2015 में प्रवर्तित किया गया और 9 राज्यों में आरंभिक कार्यान्वयन के साथ भारत में वर्ष 2016 में सर्वव्यापी प्रतिरक्षण कार्यक्रम (यूआईपी) में अंतरित किया गया जिसका और राज्यों ने वर्ष 2018 के दौरान और उसके बाद अनुसरण किया। मेसर्स भारत बायोटेक ने यूआईपी को लगभग 35 मिलियन खुराक की आपूर्ति की है तथा यूनिसेफ को आपूर्ति करना आरंभ कर दिया है। रोटावेक (आर) के निर्माण के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल, नई दिल्ली से मेसर्स बायोटेक स्थित प्रयोगशाला तक, वर्ष 1986–88 से आरंभ 30 वर्षीय प्रयासों के समन्वयन, उसके बाद वृहत स्तरीय नैदानिक जांच भारत के कई राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन में अग्रता और टीके के वैश्विक उपयोग के लिए प्रतिबद्ध होने की भी आवश्यकता होती है।

(ख) प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद के सफल वाणिज्यीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार (एमएसएमई पुरस्कार)

भारत के माननीय राष्ट्रपति ने भी प्रौद्योगिकी आधारित उत्पाद के सफल वाणिज्यीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार (एमएसएमई पुरस्कार) प्रदान किया। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक ट्रॉफी और 15.00 लाख रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कार निम्नलिखित को प्रदान किया गया।

मेसर्स सिनक्रोमेक्स बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, चैन्नई को एमएसएमई पुरस्कार

(1) मेसर्स सिनक्रोमेक्स बायोटेक प्राइवेट

लिमिटेड, चैन्नई को सिनक्रोस्केफ जो ऊतक अभियंत्रण के लिए सिनक्रोस्केफ गंभीर हृदय रक्त वाहिका वाले रोगियों, पुराने रोगियों और चीड़–फाड़ संबंधी अन्य कष्टकारी विकृतियों के निदान के लिए जैव प्रौद्योगिकीय प्रतिस्थापन उपकरण के रूप में आईआईटी मद्रास द्वारा विकसित ऊत्तक अभियंत्रित पशु (भैंस) पेरिकार्डियम है। इस प्रौद्योगिकी की वैश्विक पहचान है और सिनक्रोस्केफ एशिया का सबसे पहला जीवनरक्षक साधन है जिसे विश्व के लिए भारत में परिकल्पित, शोधित, अभिकल्पित, विकसित एवं निर्मित किया जाता है। एक तरह से यह तंत्र में शरीर रचना एवं संरचनात्मक विकृति वाले गंभीर हृदय रक्तवाहिका संबंधी रोगियों के लिए जीवन रक्षक साधन है।

(2) **मेसर्स एंट्स सिरामिक्स प्राइवेट लिमिटेड, वसई पूर्व, महाराष्ट्र** को उच्च परिणामप्रद जिरकोनिया सिरामिक्स उत्पादों एवं कार्बन गंधक विश्लेषण क्रूसिबल के वाणिज्यीकरण के लिए।

जिरकोनिया एक अपवाद है क्योंकि पारंपरिक सिरामिक्स जो दृढ़ एवं भंगुर होते है, के विपरीत, जिरकोनिया उच्च प्रबलता वाला, क्षय रोधी एवं अधिकतर तकनीकी सिरामिक्स से परे लोचनीयता वाले होते है। इसकी सभी उन्नत सिरामिक्स सामग्री के कमरे के तापमान पर प्रबलता सबसे अधिक होती है तथा इसे वास्तविक रूप से सिरामिक इस्पात का नाम प्राप्त हुआ है। भारत इसके अधिकांश हिस्से का चीन, यूरोप, अमेरिका और अन्य देशों से आयात करता है क्योंकि भारत में तकनीकी जिरकोनिया घटकों के बहुत कम विनिर्माता है।

मेसर्स एंट्स सिरामिक्स प्राइवेट लिमिटेड, महाराष्ट्र को एमएसएमई पुरस्कार

(3) **मेसर्स 3बी ब्लेकबायो बायोटेक इंडिया लिमिटेड, भोपाल** को टीआरयूपीसीआर: टू स्टेप रीयलटाइम बीसीआरएबीएल1 परिमाणात्मक साधन, के सफल वाणिज्यीकरण के लिए।

यह अस्थिमज्जा अथवा पेरिफेरल सेम्पल में बीसीआर–एबीएल1 संलयन प्रतिलेखन के परिमाणात्मक अन्वेषण के लिए यथा समय आधारित पीसीआर जाँच उपकरण है। इसे "यूरोप अगेंस्ट कैंसर (ईएसी)" और अद्यतित अंतराष्ट्रीय अनुशंसा के साथ" क्रोनिक मयीलॉयड ल्यूकेमिया में बीसीआर:एबीएल1 प्रतिलेखन के मापन के लिए दिशा–निर्देश" के अनुसार अभिकल्पित किया गया है।

मेसर्स 3 बी ब्लेकबायो बायोटेक इंडिया लिमिटेड, भोपाल को एमएसएमई पुरस्कार

(4) **मेसर्स इनविजन साइंटिफिक प्राइवेट लिमिटेड, सूरत** को मधुमेह रोगी के लिए एलब्युमिनस डेस+: ड्रग एल्यूटिंग स्टेण्ट के सफल वाणिज्यीकरण के लिए। मधुमेह वाले रोगी का इलाज करना अधिक जटिल है और उनमें बहुत ज्यादा ब्लॉकेज हैं। स्टेंट्स जो संपूर्ण लेसियन में समान रूप से दवा पहुँचा सकता है तथा अधोप्रवाह में रोम्बस लीच को प्रतिरक्षित कर सकता है, दिशागत औषध सुपुर्दगी के साथ–साथ अपेक्षित होता है। एलब्यूमिनस डेस+ एकमात्र उत्पाद है जो स्टेंट एवं बैलून से औषधि

मेसर्स इनविजन साइंटिफिक प्राइवेट लिमिटेड, सूरत को एमएसएमई पुरस्कार

की सुपुर्दगी करता है ताकि अन्य अनुमोदित उपकरणों के साथ फोकल, एज एवं विसरित रेस्टेनोसिस दोनों की मौजूदा समस्या का समाधान कर सकता है।

